सोमवार, 29 दिसम्बर 2025

मौसम

तापमान 13 – 25
आर्द्रता 65%
सूर्योदय: 06:15 सूर्यास्त: 17:01

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : पत्तों ने जब भी रंग बदला है, हमेशा जमीन पर गिरे हैं।



नव वर्ष से पहले प्रमुख मंदिर नगरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पृष्ठ 6

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## राष्ट्रपति मुर्मू ने की आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी में समुद्री यात्रा

### बनीं ऐसा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पश्चिमी तट पर स्वदेशी रूप से निर्मित पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर दो घंटे से अधिक समय की समुद्री यात्रा की। मुर्मू पनडुब्बी की सवारी का अनुभव करने वाली दूसरी राष्ट्रपति बनीं। इससे पहले फरवरी 2006 में एपीजे अब्दुल कलाम ने आईएनएस सिंधु रक्षक पर इसी तरह की सवारी की थी। अधिकारियों के अनुसार, कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से कलवरी श्रेणी की इस साइलेंट सेंटिनल पनडुब्बी में हुई दो घंटे से अधिक की यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी राष्ट्रपति के साथ मौजूद थे। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर भी हैं। बाद में आगंतुक पुस्तिका में लिखते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नौसैनिकों और अधिकारियों के साथ यात्रा करने, गोता लगाने और



समय बिताने का अनुभव उनके लिए बहुत विशेष रहा। उन्होंने लिखा, आईएनएस वाघशीर द्वारा किए गए कई सफल परीक्षण व चुनौतीपूर्ण अभियान चालक दल की असाधारण तत्परता और समर्पण को दर्शाते हैं, जो उसके आदर्श वाक्य 'वीरता वर्चस्व विजय' के अनुरूप है। उन्होंने कहा, वाघशीर के चालक दल के अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्साह को देखकर मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी पनडुब्बियां और भारतीय नौसेना किसी भी खतरे और हर परिस्थिति में मुकाबले के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा कि पनडुब्बी पर राष्ट्रपति की उपस्थिति यह दर्शाती है कि सर्वोच्च कमांडर का सशस्त्र बलों के साथ परिचालन स्तर पर निरंतर जुड़ाव बना हुआ है। पिछले वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर भारतीय नौसेना के एक परिचालन प्रदर्शन को भी देखा था। राष्ट्रपति को भारत की समुद्री रणनीति में पनडुब्बी बल की भूमिका, उसकी परिचालन क्षमताओं और राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा में उसके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच पर जारी पोस्ट में बताया, ''राष्ट्रपति ने कहा कि यह स्वदेशी पनडुब्बी भारतीय नौसेना की व्यावसायिक उत्कृष्टता, युद्ध की तैयारी और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक शानदार उदाहरण है।'' पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी, आईएनएस वाघशीर को इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

### अरावली पहाड़ी : उच्चतम न्यायालय में आज होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर उठे विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है और वह सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी जिसमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायामूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने 20 नवंबर को अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार करते हुए, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले अरावली क्षेत्रों में विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक नए खनन पट्टों के आवंटन पर रोक लगा दी थी।

## आज मुख्यमंत्री ममता 'दुर्गांगन' का करेंगी शिलान्यास

**कोलकाता, समाज्ञा :** अपने वादे के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता के न्यूटाउन में 'दुर्गांगन' का शिलान्यास आज करेंगी। इसका शिलान्यास न्यूटाउन बस स्टैंड के सामने एक्शन एरिया-1 में 17 एकड़ से ज्यादा जमीन पर होगा। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, दुर्गांगन के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 262 करोड़ रुपये है। दुर्गांगन बनाने का जिम्मा राज्य सरकार ने हिडको को दिया है। बता दें कि ममता ने इस साल 21 जुलाई



को अपनी पार्टी की वार्षिक शहीद दिवस रैली के मंच से दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर न्यूटाउन में राज्य सरकार की ओर से भव्य दुर्गांगन बनाने की घोषणा की थी। ममता की इस घोषणा के बाद राज्य कैबिनेट ने अगस्त के दूसरे हफ्ते में उस फैसले पर अपनी मुहर लगा दी थी। उसके बाद बिना देर किये राज्य सरकार के हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड (हिडको) ने इसके लिए निविदा आमंत्रित किया। दुर्गांगन न्यूटाउन में इको पार्क के पास रामकृष्ण मिशन के निकट बनेगा।

## हिंदू समाज और दुनिया के कल्याण के लिए भारत को 'विश्व गुरु' बनाने की दिशा में काम करें हिंदू: भागवत

**हैदराबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं से अपील की कि वे हिंदू समाज और दुनिया के कल्याण के लिए भारत को 'विश्व गुरु' बनाने की दिशा में काम करें। अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठनों के एक सम्मेलन 'विश्व संघ शिविर' के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि हिंदुओं और स्वयंसेवकों को उदाहरण प्रस्तुत करके हुए यह दिखाना होगा कि मानव बुद्धि को वैश्विक कल्याण



की दिशा में कैसे लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, ... प्रौद्योगिकी आगे बढ़ेगी। सोशल मीडिया बढ़ेगा। ए.आई. आएगा। सब कुछ आएगा। लेकिन, प्रौद्योगिकी के दुष्प्रभाव नहीं होंगे। प्रौद्योगिकी मानवता की मालिक नहीं बनेगी। इंसान ही प्रौद्योगिकी का मालिक रहेगा। उन्होंने यह भी कहा, ''मानव बुद्धि को तकनीक के माध्यम से विश्व कल्याण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, न कि इसके विपरीत। यह कैसे संभव होगा? इसके लिए हमें स्वयं उदाहरण बनकर जीना होगा। यह संदेश पूरे भारतीय समाज के लिए है।''

## अमित शाह आज तीन दिवसीय दौरे के लिए बंगाल पहुंचेंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज से पश्चिम बंगाल का तीन दिवसीय दौरा कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को बताया कि शाह शाम को कोलकाता हवाई पर उतरने के बाद सीधे भाजपा कार्यालय जाएंगे, जहां वह अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की संगठन स्तर पर प्रगति का जायजा लेंगे। शाह 30 दिसंबर को शहर में एक प्रेसवार्ता भी कर सकते हैं। वह अपने प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ कई बैठकें कर सकते हैं, जिनमें पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। राज्य के वरिष्ठ नेता ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे और भाजपा के विधायकों, सांसदों और कोलकाता नगर निगम के पार्षदों के साथ अलग से बैठक करेंगे।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः।।

वाजपेयी परिवार में शोक

जन्म : 11.07.1954



स्वर्गवास: 28.12.2025

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की हमारी पूजनीया

ममता वाजपेयी

( धर्मपत्नी स्व: श्री राजेंद्र नारायण वाजपेयी )

का स्वर्गवास **रविवार** दिनांक **28.12.2025** को हो गया है।

**अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान 5A, सोपान अपार्टमेंट 63बी ब्राइट स्ट्रीट, कोलकाता-700019 से दिनांक 29.12.2025 सुबह 10:30 बजे केवड़ातल्ला घाट के लिए प्रस्थान करेगी**

शोकाकुल

समस्त वाजपेयी परिवार

## बांग्लादेश ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधियों संबंधी भारत की टिप्पणियों को खारिज किया

**ढाका :** ढाका ने रविवार को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार को लेकर भारत द्वारा उठाई गई चिंताओं को खारिज करते हुए इसे ''गलत, अतिरंजित या प्रेरित विमर्श'' बताया जो तथ्यों को प्रतिबिंबित नहीं करता है। भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी ''हिंसा'' एक गंभीर चिंता का विषय है। मंत्रालय ने पिछले सप्ताह मैमनसिंह क्षेत्र में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या करने वाले दोषियों को सजा देने की मांग की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, ''बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथियों द्वारा जारी हिंसा गंभीर चिंता का विषय है।'' जायसवाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस.एम. महबूब-उल आलम ने कहा, ''बांग्लादेश सरकार सांप्रदायिक सद्भाव की बांग्लादेश की दीर्घकालिक परंपरा को गलत तरीके से प्रस्तुत करने वाली किसी भी गलत, अतिरंजित या प्रेरित विमर्श को स्पष्ट रूप से खारिज करती है।'' आलम ने दावा किया कि भारत के विभिन्न हिस्सों में ''आपराधिक कृत्यों की छिटपुट घटनाओं को हिंदुओं के खिलाफ व्यवस्थित उत्पीड़न के रूप में चित्रित करने के सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं और इनका दुर्भावनापूर्ण उपयोग बांग्लादेश विरोधी भावनाओं को फैलाने के लिए किया जा रहा है।''

### बांग्लादेशी नेता हादी के हत्यारों के भारत में प्रवेश के दावों को बीएसएफ और मेघालय पुलिस ने खारिज किया

**शिलांग :** मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने बांग्लादेश पुलिस के उन दावों को रविवार को सिरे से खारिज कर दिया कि 'इंकलाब मंच' के नेता शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे भारतीय राज्य में दाखिल हो गए हैं। मेघालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रमुख, महानिरीक्षक (आईजी) ओ पी उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और भ्रामक हैं। ढाका महानगर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दिन में दावा किया था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध ''स्थानीय सहयोगियों की मदद से'' हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में प्रवेश कर गए हैं। उपाध्याय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''इस बात का कोई सबूत नहीं है कि किसी व्यक्ति ने हलुआघाट सेक्टर से मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की हो। बीएसएफ को ऐसी किसी घटना की न तो सूचना मिली है और न ही ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है।'' उन्होंने कहा कि प्रसारित किए जा रहे दावे निराधार और भ्रामक हैं। मेघालय पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गारो पर्वतीय क्षेत्र में संदिग्धों की मौजूदगी के दावे की पुष्टि करने के लिए ''कोई जानकारी या खुफिया प्रमाण नहीं'' है। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय पुलिस इकाइयों को इस तरह की किसी गतिविधि की सूचना नहीं मिली है और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय जारी है।

## सोनिया गांधी से अनुरोध है वह नेहरू के पत्रों को प्रधानमंत्री संग्रहालय को लौटा दें: शेखावत



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पत्रों व दस्तावेजों को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय को लौटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये दस्तावेज देश की संपत्ति हैं, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। शेखावत ने 'पीटीआई-वीडियो' को दिए एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि अरावली पहाड़ियों का विवाद कांग्रेस द्वारा एक गैर-जरूरी मुद्दे को मुद्दा बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मंत्री ने नेहरू के पत्रों और दस्तावेजों के बारे में कहा, नेहरू मेमोरियल संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद हुई थी, जिसका नाम 2023 में बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय कर दिया गया था। संग्रहालय के प्रबंधन के लिए एक समिति का गठन किया गया था, लेकिन वह ठीक से कार्य नहीं कर पाई। संस्कृति मंत्री ने कहा कि 1970 से 1990 तक 20 वर्षों की अवधि में नेहरू से संबंधित सभी गैर-सरकारी दस्तावेज़ संग्रहालय में लाए गए, इनमें नेहरू द्वारा लोगों को लिखे गए निजी पत्र, उनके उत्तर और उनकी निजी टिप्पणियां हैं। शेखावत ने कहा, सभी प्रधानमंत्रियों के ऐसे ही दस्तावेज प्रधानमंत्री संग्रहालय में संरक्षित हैं। ऐसे लगभग 2.5 करोड़ दस्तावेज हैं। इनमें से अकेले पंडित जवाहरलाल नेहरू से संबंधित चार लाख दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा कि अन्य प्रधानमंत्रियों के दस्तावेज प्रधानमंत्री संग्रहालय की स्थायी संपत्ति व विरासत हैं जबकि यह लिखा गया है कि नेहरू के दस्तावेज संग्रहालय को ऋण या उपहार के रूप में नहीं दिए गए थे बल्कि सुरक्षित रखने के लिए दिए गए थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 29 अप्रैल, 2008 को सोनिया गांधी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि एम.वी. राजन ने एक पत्र लिखकर नेहरू के सभी निजी पारिवारिक पत्रों और नोट्स को वापस लेने का अनुरोध किया था। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि चूंकि ये पत्र संग्रहालय में सुरक्षित रखे गए थे इसलिए परिवार द्वारा मांगे गए पत्र उन्हें लौटा दिए जाएं।

## बिहार के जमुई में मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतरे, रेल यातायात बाधित



**पटना/कोलकाता :** बिहार के जमुई जिले में एक मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण हावड़ा-पटना-दिल्ली रेल मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की अब तक कोई सूचना नहीं है। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना शनिवार रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत लाहाबन और सिमुलतला रेलवे स्टेशन के बीच हुई। इसके कारण करीब 24 ट्रेन का परिचालन प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। अधिकारी ने बताया कि आसनसोल, मधुपुर और झाझा स्टेशनों से दुर्घटना राहत ट्रेन घटनास्थल पर भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि पटरियों से क्षतिग्रस्त डिब्बों को हटाने और रेल यातायात को बहाल करने के लिए कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। पूर्व रेलवे के अधिकारी ने बताया कि मालगाड़ी के डिब्बों के पटरी से उतरने से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण कई एक्सप्रेस और अन्य यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है और कई को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि 12369 हावड़ा-देहरादून कुंभ एक्सप्रेस, 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस, 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस और कई मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन रद्द कर दी गई हैं।

## अदाणी की स्वदेशी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये की निवेश योजना

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह अगले साल रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि इसके तहत मानवरहित प्रणालियों और उन्नत हथियारों में क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2025 में लंबी योजना प्रक्रियाओं से आगे बढ़ते हुए त्वरित तैनाती की ओर रुख किया और उसके कुछ सैन्य उपकरणों का उपयोग ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। सूत्रों ने बताया कि अगले साल कंपनी मानवरहित और स्वायत्त प्रणालियों, उन्नत निर्देशित हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई आधारित बहुक्षेत्रीय अभियानों तथा रखरखाव, मरम्मत और प्रशिक्षण अवसंरचना के विस्तार में निवेश करेगी। हवा, समुद्र और जमीनी क्षेत्रों में स्वायत्त प्रणालियां ऐसे मानवरहित मंच हैं, जो सेंसर, सॉफ्टवेयर और सुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ संचालित होती हैं। इससे सैन्य पहुंच का विस्तार होता है और सैनिकों के लिए जोखिम कम होता है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org

Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



Ram Naresh Jaiswal
M: 9830913810

Dinesh
Timber Co.

Dealers :
All types of Timber, Plywood,
Shuttering Woods & Shuttering Plywood.

19, Orphangunge Road, Kolkata-700023(Near Taj Bengal Hotel)

Phone: 033 2479 3089 E-mail: timberply@hotmail.com

## सेंगर की रिहाई से उठे सवाल

उन्नाव दुराचार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पीड़िता की मां समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। वे दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दे दी थी। जिसके बाद फैसले को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पीड़िता की मां इस जमानत को रद्द करने और शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कहती रही हैं। वे अपने पति के हत्यारों को फांसी देने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी नेता भी आरोप लगाते रहे हैं जिस तरह तकनीकी आधार पर दोषी को छूट दी गई है, उसमें न्यायिक प्रणाली के लिये गलत परंपरा विकसित होगी। जिससे पीड़िता के परिवार का ही नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का भरोसा भी टूटेगा। दरअसल, वर्ष 2017 में हुए इस बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पिछले दिनों जमानत दे दी। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष और कतिपय महिला संगठन मुखर हुए हैं। बल्कि इस मामले की सर्वाइवर का कहना था कि यदि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर होगा तो सुरक्षा के लिये मुझे जेल भेज दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सजा मिलने के छह साल बाद हाईकोर्ट की एक बैंच ने उसकी सजा निलंबित कर दी थी। पूर्व विधायक को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के तीन जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया था। सजा निलंबित होने के कुछ ही घंटों के बाद पीड़िता व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोषी को जमानत दी गई है।

पीड़ित पक्ष का आरोप था कि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर रहेगा तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में विपक्षी राजनीतिक दलों की भी तल्ख प्रतिक्रियाएं आई हैं। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने इस जमानत को निराशाजनक बताया। उल्लेखनीय है कि इस अपराध के सामने आने में दस माह लगे थे। मामले के तूल पकड़ने पर पीड़िता के पिता पर हमला हुआ था। उन्हें बाद में जेल भेज दिया गया था और पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हो गई थी। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि जमानत की अवधि में सेंगर सर्वाइवर के पांच किमी के दायरे में नहीं आएंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। उसे हर सोमवार पुलिस के समक्ष रिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी कि किसी भी शर्त के उल्लंघन में जमानत रद्द कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेंगर ने ट्रायल कोर्ट में दुराचार के लिये दोषी ठहराने वाले फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था, उसके खिलाफ बलात्कार, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप लगे। साथ ही पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़े चार मामलों की सुनवाई दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। इस बीच रायबरेली जाते समय पीड़िता की कार को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिसमें उनकी दो मौसियों की मौत हो गई थी। यही वजह है कि ट्रायल कोर्ट ने दुराचार के मामले में सेंगर को दोषी ठहराते हुए न केवल आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी बल्कि निर्देश दिया था कि सीबीआई सर्वाइवर और उसके परिवार के जीवन व स्वतंत्रता की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। इतना ही नहीं ट्रायल कोर्ट ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सेंगर के सार्वजनिक सेवक होने के बावजूद अपराध करने को अनैतिक बताया था। जो जनता का विश्वास तोड़ने वाला है। वहीं कानून के जानकार मानते हैं कि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर को दस साल की सजा हुई थी, अत: अभी उसके जेल से बाहर आने की संभावना नहीं है। लेकिन इस जमानत के फैसले ने न्याय व अन्याय के सवाल को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा किया है।

# 2025:भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता में एक निर्णायक मोड़

वर्ष 2025 भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी यात्रा में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है, क्योंकि वह विभिन्न अहम क्षेत्रों में नए आत्मविश्वास और दुनिया भर में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ उभरा है। यह तकनीक के साथ भारत के रिश्तों में आए एक मौलिक बदलाव का संकेत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सेमीकंडक्टर से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों तक के मामले में, भारत ने यह दिखाया है कि वह अब वैश्विक तकनीकों को सिर्फ अपना ही नहीं रहा, बल्कि उन्हें आकार भी दे रहा है। आजाद भारत के इतिहास में यह पहला मौका है, जब तकनीकी आत्मनिर्भरता कोई सपना नहीं बल्कि एक ऐसी हकीकत बन रही हैजो विकसित भारत2047 के विजन के साथ मजबूती से जुड़ीहुई है।

**एआई क्रांति: डिजिटल आधार का सशक्तिकरण :** इंडिया एआई मिशन के तहत, नैतिक एवं मानव-केन्द्रित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का महत्वपूर्ण निवेश किया है। इसका लक्ष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सामाजिक लोकतंत्रीकरण, खासकर भारत के ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच की बड़ी खाई को पाटने का एक जरिया बनना सुनिश्चित करना है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में, भारत ने देश के एआई से जुड़े राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के व्यापक विस्तार की घोषणा कीऔर इसके तहत 15,916 नए जीपीयू जोड़े गए। भारत की राष्ट्रीय कंप्यूट क्षमता अब 38,000 जीपीयू से अधिक हो गई है।1 ये जीपीयू67 रुपये प्रति घंटे की सब्सिडी वाली दरों पर उपलब्ध हैं, जो 115 रुपये प्रति जीपीयू घंटे की औसत बाजार दर से काफी कम है।23 मूल्य निर्धारण की यह संरचना अपने-आप में ही एक ऐसी नीति है, जिसे अत्याधुनिक कंप्यूट बुनियादी ढांचे तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

हाल ही में भारत ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के 2025 ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल में तीसरे स्थान पर पहुंचकर एक शानदार छलांग लगाई है। भारत एआई से जुड़ी प्रतिस्पर्धा में संयुक राज्य अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहा। इससे दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, सिंगा-पुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से भारत आगे निकल गया है। यह दर्शाता है कि भारत का तेजी से बढ़ता तकनीक इकोसिस्टम और प्रतिभाओं का मजबूत आधार देश को वैश्विक स्तर पर एआई की दौड़ में अहम भूमिका निभाने में किस प्रकार मददगार साबित हो रहा है।4

**सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का नया युग :** भारत के इतिहास में पहली बार, किसी सरकार ने सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग को देश के तकनीकी मिशन का मुख्य हिस्सा बनाया है। मई 2025 में, भारत ने नोएडा और बेंगलुरु में 3-नैनोमीटर5 आकार की चिप के डिजाइन के लिए समर्पित दो उन्नत इकाइयों का शुभारंभ करके एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया। इन इकाइयों के मायने मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता अर्जित करने से कहीं बढ़कर हैं। ये इकाइयां भारत की उस यात्रा की शुरुआत का प्रतीक हैं, जिसमें यह देश सेमीकंडक्टर से जुड़ी अपनी जरूरतों के 90 प्रतिशत हिस्से का आयात करने से लेकर अब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में अपना भविष्य खुद तय की दिशा में आगेबढ़ रहा है।

3 नैनोमीटर आकार की चिप स्मार्टफोन एवं लैपटॉप से लेकर उच्च क्षमता वाले कंप्यूटर समेत दुनिया की सबसे उन्नत तकनीक का मुख्य हिस्सा हैं। भारत के प्रोसेसर डिजाइन इकोसिस्टम में एक प्रमुख संस्थान के रूप में शामिल आईआईटी मद्रास अपनीशक्ति पहल के जरिए 7 नैनोमीटर वाले प्रोसेसर को विकसित कर रहा है। साथ ही, सितंबर 2025 में भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-32-बिट चिप को सेमीकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को पेश किया गया था। स्वदेशी चिप इकोसिस्टम और स्वदेशी आईपी को बढ़ावा देनेवाली वोकल फॉर लोकलकी यह सोच एक रणनीतिक बदलाव का प्रतीक है।6

इस आंकड़े का एक भू-राजनैतिक आयाम भी है: अब जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला वैचारिक आधार पर बंटती जा रही है, भारत की घरेलू सेमीकंडक्टर क्षमता इसकी आर्थिक मजबूती और रणनीतिक सुरक्षा दोनों को दर्शाती है। अकेले 2025 में, भारत ने 5 और सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी।

इससे छह राज्यों में स्थापित सेमीकंडक्टर इकाइयों की कुल संख्या 10 हो गई है और इनमें लगभग 1.60 लाख करोड़7 रुपये का कुल निवेश हुआ है। बड़ा लक्ष्य 2030 तक सेमीकंडक्टर की वैश्विक खपत का 10 प्रतिशत हिस्सा हासिल करना है ताकि भारत डिजाइन, मैन्यूफैक्चरिंग और नवोन्मेष का एक वैश्विक केन्द्र बन सके।

**रणनीतिक रूप से उपयोगी दुर्लभ मृदाएवं महत्वपूर्ण खनिज मिशन :** जिस प्रकार गगनचुंबी इमारतों के निर्माण मेंइस्पात जरूरी होता है, ठीक वैसे ही महत्वपूर्ण खनिज सेमीकंडक्टर के निर्माण का आधार होते हैं। इनके बिना कोई उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई और डिजिटल भविष्य संभव नहीं हो सकता। और इसलिए मोदी सरकार ने जनवरी 2025 में 16,300 करोड़ रुपये के खर्च के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की शुरुआत की ताकि दुर्लभ मृदा तत्त्वों से संबंधित भारत की जरूरतों को पूरा किया जा सके और सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत आधारित आवागमन के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया जा सके।8

इन खनिजों की सुदृढ़ घरेलू आपूर्ति को विकसित करके, भारत उन देशों से होने वाले आयात पर अपनी निर्भरता कम कर पाएगा, जो अभी कई महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला पर हावी हैं।9 जीएसआई ने वित्त वर्ष2024-25 के दौरानदेश भर में महत्वपूर्णएवं रणनीतिक रूप से उपयोगी खनिजों से संबंधित 195 अन्वेषण परियोनाएंशुरू की हैं। वित्त वर्ष2025-26 में, कुल 227 परियोजनाओं में कामकाज जारी है। 2025-26 के बजट के दौरान, मोदी सरकार ने कोबाल्ट पाउडर एवं अपशिष्ट, लिथियम-आयन बैटरी के स्क्रैप, सीसा, जस्ता और 12 अन्य महत्वपूर्ण खनिजों को कर से छूट दी और घरेलू प्रसंस्करण(प्रोसेसिंग) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय कदम उठाए।10

**चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में ठोस प्रयास :** वर्ष 2025 में एक खास दूरदर्शी कदम उठाया गया: भारत ने लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और दुर्लभ मृदा तत्व जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की घरेलू क्षमता के निर्माण हेतु 1,500 करोड़ रुपये की पुनर्चक्रण योजना (2025-26 से 2030-31)11 को मंजूरी दी। यह कदम सिर्फ खनन (और उससे होने वाले पर्यावरणीय नुकसान) पर ही टिकी सोच को बदलकर क्लोज्ड-लूप रिसोर्स मैनेजमेंट की ओर ले जाता है। अब जबकि दुनिया भर में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से बदलाव हो रहा है और ई-कचरे के पहाड़ बढ़ते जा रहे हैं, भारत खुद को सिर्फ कच्चे माल के स्रोत के तौर पर नहीं बल्कि संसाधनों की पुनर्प्राप्ति (रिसोर्स रिकवरी) एवं चक्रीय उत्पादन (सर्कुलर मैन्यूफैक्चरिंग) के केन्द्र के तौर पर स्थापित कर रहा है।

**अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी: गगनयान और उससे आगे :** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय गौरव की पहचान बनी रही। इसरो ने अपने कुछ सबसे जटिल और वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण मिशन पूरे किए। एक बड़ी उपलब्धि 30 जुलाई, 2025 को जीएसएलवी-ऋ1612 पर निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) के सफल प्रक्षेपण के रूप में मिली। यह ऐतिहासिक भारत-अमेरिका सहयोगी मिशन दुनिया का सबसे उन्नत पृथ्वी-अवलोकन रडार उपग्रह है।

मानव सहित अंतरिक्ष उड़ान से जुड़ी भारत की महत्वाकांक्षाओं ने जुलाई 2025 में उस समय एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने। एक्सिओम-4 मिशन के हिस्से के रूप में उड़ान भरते हुए, उन्होंने आईएसएसपर 18 दिन बिताए, वैज्ञानिक प्रयोग किए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सहयोगी अनुसंधान किए। यह उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिकों को वैश्विक अनुसंधान समुदाय में स्थान देती है और इस बात का संकेत देती है कि भारत मानवता के सबसे महत्वाकांक्षी प्रयासों में बराबर का भागीदार बन सकता है।

वर्ष के अंत में, इसरो ने 2 नवंबर, 2025 को एलवीएम3-एम5 रॉकेट का इस्तेमाल करके सीएमएस-03का प्रक्षेपण करके एक और उपलब्धि हासिल की। लगभग 4,400 किलोग्राम भार वाला सीएमएस-03भारत द्वारा प्रक्षेपित अब तक का सबसे भारी उपग्रह है, जो एलवीएम3 प्रक्षेपण यान की भारी सामान उठाने की बढ़ी हुई क्षमता को दर्शाता है और इसे जीटीओ में स्थापित किया गया था।

हाल ही में दिसंबर 2025 में, प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद में स्काईरूट एयरोस्पेसके नए इंफिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया और कंपनी के पहले ऑर्बिटल रॉकेट, विक्रम-ख का अनावरण किया, जिसे उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने की दृष्टि से डिजाइन किया गया है। वर्ष 2020 से अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने से भारत को सिर्फ एक दशक में भी शानदार नतीजे मिलने वाले हैं। इन-स्पेस (इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर) की स्थापना ने निजी नवोन्मेषकों के एक फलते-फूलते इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया है। लगभग 330 उद्योग, स्टार्टअप और एमएसएमईअब अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों के प्राधिकार के लिए इन-स्पेस से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2025 में, इन-स्पेस (इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर) और इसरोने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें भारत का स्पेडेक्स मिशन के जरिए इन-स्पेस डॉकिंग वाला चौथा देश बनना भी शामिल है। भारत के अंतरिक्ष उद्योग का आकार 2033 तक लगभग 8.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 44 बिलियन अमेरिकी डॉलरका हो जाने का अनुमान है।

**परमाणु ऊर्जा का विस्तार और ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव :** वर्ष 2025 में भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई। दिसंबर 2025 में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आण्विक ऊर्जा विधेयक, 2025 को मंजूरी दी, जिसे शांति - (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) नाम दिया गया। यह कानून आण्विक ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की शुरुआत के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है, जो इस क्षेत्र में निजी भागीदारी के दरवाजे खोलता है। यह आण्विक ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 की जगह एक एकीकृत एवं आधुनिक कानूनी ढांचा लाता है, जो समकालीन उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के अनुरूप है। वित्तीय वर्ष2024-25 में एनपीसीआईएल के 56,681 एमयू पार करने के साथ भारत का परमाणु ऊर्जा उत्पादन अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2025 में राजस्थान में 4-यूनिट माही बांसवाड़ा एनपीपी का शिलान्यास किया है। इस परियोजना में पीएचडब्ल्यूआर-700एमडब्ल्यू की चार इकाइयां होंगी। गुजरात के काकरापार में स्वदेशी 700एमडब्ल्यूई पीएचडब्ल्यूआरकी पहली दो इकाइयों (केएपीएस-3 एवं 4) को नियमित उत्पादन के लिए एईआरबी लाइसेंस मिल गया है। रावतभाटा आण्विक विद्युत परियोजना (आरएपीपी) इकाई 7, जो 16 स्वीकृत रिएक्टरों की सीरीज में तीसरा स्वदेशी 700एमडब्ल्यूई पीएचडब्ल्यूआर है, ने अप्रैल में व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है।

स्वदेशी रूप से विकसित सर्टिफाइड रेफरेंस मटीरियल (सीआरएम) जिसका नाम 'फेरोकार्बोनेटाइट (एफसी) - (बीएआरसीबी1401)' है, को नवंबर 2025 में औपचारिक रूप से जारी किया गया। यह भारत में इस तरह का पहला और दुनिया में चौथा सीआरएम है। इसे दुर्लभ मृदा तत्वों के अयस्कोंके खनन में महत्वपूर्ण माना जाता है।

**अनुसंधान और नवाचार इकोसिस्टम में तेज बदलाव :** मोदी सरकार ने विकसित भारत2047 की अपनी यात्रा में अनुसंधान एवं विकासको भी केन्द्र में रखा है। 3 नवंबर, 2025 को शुरू किया गया एक लाख करोड़ रुपये का रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम फंड, भारत के अनुसंधान एवं विकासइकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने तीन प्रमुख समग्र योजनाओं को एक ही केन्द्रीय क्षेत्र की पहल, 'विज्ञान धारा' के तहत मिलाने की मंजूरी दी, जिसका कुल बजट 10,579.84 करोड़ रुपये का है। इसका मुख्य ध्यान अधिक संख्या में वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण देने, प्रयोगशाला से जुड़े बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और वैज्ञानिक खोजों का असली दुनिया की समस्याओं को हल करने हेतु प्रोगशाला से जमीन तक तेजी से पहुंचना सुनिश्चित करने पर है। फंडिंग को सुव्यवस्थित करके और दोहराव को कम करके, इस योजना का लक्ष्य भारत के वैज्ञानिक इकोसिस्टम को अधिक कुशल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में, देश ने नवाचार की गति को तेज किया, स्वदेशी क्षमताओं का विस्तार किया, और तकनीकी संप्रभुता को मजबूत किया। इस परिवर्तनकारी गति ने भारत को न सिर्फ एक भागीदार, बल्कि वैश्विक स्तर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्रांति में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया।

# एआई बनाम अंडरवर्ल्ड: नया भारत, नई लड़ाई



प्रो. आरके जैन

भारत की आंतरिक सुरक्षा को अभेद्य कवच प्रदान करने की दिशा में मोदी सरकार ने एक ऐतिहासिक और दूरगामी पहल करते हुए 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय ऑर्गेनाइज्ड क्राइम नेटवर्क डेटाबेस (ओसीएनडी) का शुभारंभ किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा एंटी-टेरर कॉन्फ्रेंस-2025 में लॉन्च किया गया यह प्लेटफॉर्म केवल एक तकनीकी नवाचार नहीं, बल्कि संगठित अपराध और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध की घोषणा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित यह प्रणाली अपराधियों के नेटवर्क, उनके फंडिंग चैनल और अंतरराज्यीय गठजोड़ को जड़ से खत्म करने की क्षमता रखती है। एनआईए, राज्य पुलिस और नेटग्रिड (नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड) के संयुक्त प्रयास से विकसित ओसीएनडी, मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का सशक्त प्रमाण है, जो अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश देता है कि अब भारत में छिपने की कोई जगह नहीं बची है।

संगठित अपराध की जटिल और बहुस्तरीय संरचना को समझते हुए सरकार ने यह स्वीकार किया कि केवल पारंपरिक पुलिसिंग से इस चुनौती का समाधान संभव नहीं। वर्षों से माफिया गिरोह, ड्रग नेटवर्क, साइबर अपराधी और अंतरराज्यीय सिंडिकेट सूचनाओं के बिखराव का लाभ उठाते रहे हैं। एक राज्य के पास अपराधी का अधूरा डेटा होता था, जबकि दूसरे राज्य में उसकी पूरी आपराधिक पृष्ठभूमि छिपी रह जाती थी। ओसीएनडी इस खामी को समाप्त करता है। यह सभी राज्यों की एफआईआर, चार्जशीट, खुफिया रिपोर्ट, डोसियर और बायोमेट्रिक जानकारियों को एकीकृत मंच पर लाकर रीयल-टाइम एक्सेस देता है। अधिकारियों का कहना है कि यह प्लेटफ़ॉर्म 'प्राकृतिक भाषा में खोज और तुरंत उत्तर' देने वाले एआई मॉडल जैसी कार्यप्रणाली अपनाता है, जिससे अपराध नेटवर्क को पूरी तरह उजागर किया जा सकता है।

ओसीएनडी की सबसे बड़ी ताकत इसकी उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमताएं हैं, जो इसे वैश्विक स्तर का सुरक्षा टूल बनाती हैं। वॉयस सैंपल मैचिंग, फिंगरप्रिंट पहचान और अन्य बायोमेट्रिक तकनीकों के जरिए संदिग्धों की पहचान अब सेकंडों में संभव होगी। नेटग्रिड से इसका समन्वय आतंक फंडिंग, ओवरग्राउंड वर्कर्स और हवाला नेटवर्क को बेनकाब करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। अमित शाह ने सही कहा कि कई अपराधी नेता विदेश भागकर आतंकी संगठनों से हाथ मिला लेते हैं और अपराध की कमाई से देश के खिलाफ साजिशें रचते हैं। ओसीएनडी इसी खतरनाक नेक्सस को तोड़ने का औजार है। इसके साथ लॉन्च किया

**भारत की सुरक्षा का डिजिटल महाभारत शुरू**

**डेटा, टेक्नोलॉजी और इरादा: मोदी सरकार की सुरक्षा क्रांति**

गया वेपंस डेटाबेस खोए, लूटे और बरामद हथियारों की ट्रैकिंग कर अपराध की सप्लाई चेन को ध्वस्त करेगा।

एंटी-टेरर कॉन्फ्रेंस में अमित शाह द्वारा घोषित 360 डिग्री असॉल्ट रणनीति भारत की सुरक्षा सोच में गुणात्मक बदलाव को दर्शाती है। इसमें इंटेलिजेंस शेयरिंग, अत्याधुनिक तकनीक, अंतर-एजेंसी समन्वय और सहकारी संघवाद को एकीकृत किया गया है। यह नीति अपराध को केवल नियंत्रित करने की नहीं, बल्कि उसे जड़ से समाप्त करने की मंशा को दर्शाती है। इसी क्रम में अपडेटेड एनआईए क्राइम मैनुअल भी जारी किया गया, जिससे जांच प्रक्रियाएं अधिक वैज्ञानिक, तेज और कानूनी रूप से मजबूत बनेंगी। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध आतंकवाद की नर्सरी है, और जब तक इसे समाप्त नहीं किया जाएगा, राष्ट्रीय सुरक्षा पूर्ण नहीं हो सकती। ओ-सीएनडी इस समग्र रणनीति का डिजिटल फंदा है, जो अपराधियों के हर कदम को ट्रैक करेगा।

ओसीएनडी का प्रभाव केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के पूरे इकोसिस्टम को नई धार देगा। ड्रग ट्रैफिकिंग, टेरर फाइनेंसिंग, साइबर गैंग और अंतरराष्ट्रीय माफिया नेटवर्क अब इस डिजिटल निगरानी से बच नहीं पाएंगे। जहां पहले किसी नेटवर्क को समझने में महीनों लग जाते थे, वहीं अब सेकंडों में एक्शन योग्य इंटेलिजेंस उपलब्ध होगी। मोदी सरकार ने इस पहल में राज्यों को भागीदार बनाकर सहकारी संघवाद को नई मजबूती दी है। विशेषज्ञ इसे डिजिटल ड्रैगनेट की संज्ञा दे रहे हैं, जो न केवल मौजूदा अपराधियों को पकड़ेगा बल्कि भविष्य के खतरों का पूर्वानुमान भी लगाएगा। यह भारत को दुनिया की सबसे सशक्त और आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों वाले देशों की कतार में खड़ा करता है।

मोदी सरकार की यह पहल स्पष्ट करती है कि भारत अब अपराध और आतंकवाद के खिलाफ रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक रणनीति अपना चुका है। ओसीएनडी न केवल मौजूदा सिंडिकेट्स को ध्वस्त करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित राष्ट्र की नींव रखेगा। अमित शाह की प्रशासनिक दूरदृष्टि और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में एनआईए ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार किया है। आने वाले समय में 360 डिग्री असॉल्ट रणनीति इसे और अधिक प्रभावी बनाएगी। राज्य पुलिस बलों का इसे पूरी निष्ठा से अपनाना विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा। ओसीएनडी अपराधियों के लिए चेतावनी नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क के अंत की घोषणा है।

इसके साथ ही मोदी सरकार ने एंटी-टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया है, जिसमें कॉमन एटीएस स्ट्रक्चर और अभेद्य सुरक्षा ग्रिड की परिकल्पना शामिल है। पहलगाम जैसे हमलों के बाद ऑपरेशन सिंदूर और महादेव जैसी कार्रवाइयों ने यह सिद्ध किया है कि भारत की जवाबी क्षमता पहले से कहीं अधिक सशक्त हुई है। ओसीएनडी इन अभियानों को डेटा और विश्लेषण का मजबूत आधार प्रदान करेगा, जिससे आतंक की योजना बनाने वालों से लेकर उसे अंजाम देने वालों तक सभी पर शिकंजा कसेगा। यह व्यवस्था न केवल अपराध पर ब्रेक लगाएगी, बल्कि भारत को आतंकमुक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। वैश्विक स्तर पर भी इस मॉडल की सराहना हो रही है।

ओसीएनडी मोदी सरकार की आंतरिक सुरक्षा नीति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जो यह दर्शाता है कि भारत अब प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि पूर्णतः प्रोएक्टिव राष्ट्र बन चुका है। अमित शाह का यह एआई आधारित हथियार अपराधियों की जड़ों पर प्रहार करेगा और सहकारी संघवाद के माध्यम से सभी राज्यों को एक साझा सुरक्षा मंच पर लाएगा। यह विकसित भारत की मजबूत नींव है, जहां कोई अपराधी या आतंकी सुरक्षित महसूस नहीं कर सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्थापित ये सुरक्षा मानक आने वाले दशकों तक देश को दिशा देंगे। ओसीएनडी केवल एक डेटाबेस नहीं, बल्कि राष्ट्र की अटूट सुरक्षा, संप्रभुता और संकल्प का सशक्त प्रतीक है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 दिसम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष नवमी, 10:09 तक, नक्षत्र : रेवती, 06:16 तक, योग : परिघा, 07:29 तक, सूर्योदय: 06:10, सूर्यास्त: 16:55, चन्द्रोदय : 12:16, चन्द्रास्त: 00:33, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 07:39 से 08:59

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए सोमवार का दिन बेहद ही शुभ रहने वाला है। आपने जिस प्रकार की पृष्ठभूमि लोगों के बीच बनाई है उसके बल पर आज का दिन व्यतीत होगा।

**वृष :** आर्थिक मामलों में वृष राशि के जातकों को साल के अंतिम सप्ताह के पहले दिन भाग्य का साथ मिलने वाला है। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। आर्थिक स्थिति को सशक्त करना होगा।

**मिथुन :** सोमवार का दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहने वाला है। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखे कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं होती।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए सोमवार का दिन थोड़ा संभलकर रहने वाला दिख रहा है। आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। रोजमर्रा के काम निपटा सकते हैं।

**सिंह :** साल के अंतिम सोमवार का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए शुभ दिखाई दे रहे है। आपका सब कुछ ठीक-ठीक ही चलता नजर आ रहा है। कारोबार की स्थिति भी सुधरती जाएगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के मददगार स्वभाव का कुछ लोग गलत फायदा उठा सकते हैं। आप जब अच्छे मूड में रहते है तो अपने चहेतों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन अपने पेंडिंग पड़े कामों को निपटाने का दिन है। किसी परीक्षा या प्रतियोगिता के लिए आपको तैयार रहना होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों का कभी कभी कोई काम सोच के विपरीत भी हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वही धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी होती दिख रही है।

**धनु :** धनु राशि के जातक कई दिनों से जिस काम के बिगड़ जाने से परेशान थे, उस काम में आज से सुधार हो सकता है। दोपहर बाद कुछ भागदौड़ करने से छिटपुट लाभ हो सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन कुछ जानकारीपूर्ण और आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाला होगा। अच्छे गणमान्य व्यक्तियों से मेल मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आशा में दिन सार्थक नजर आएगा।

**कुम्भ :** इस समय अपने कार्यक्षेत्र में आने जाने और सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिन्ता भी बढ़ा सकते हैं।

**मीन :** आज आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं दिख रहा है। दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे। जहां तक हो सके इनमें महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेना।

## वर्ग पहेली नं. 3306

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| 7 | | | 8 | | ■ | 9 | | | 10 |
| | ■ | ■ | | ■ | 11 | | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | | | ■ | | ■ | 14 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 15 | | 16 | ■ | ■ | |
| 17 | | 18 | | | ■ | 19 | | 20 | |
| | ■ | | ■ | 21 | 22 | | ■ | | ■ |
| 23 | | | | ■ | | ■ | 24 | | |

*बायें से दायें:-* 1) बिचौलिया, 4) तलघर, 6) पियक्कड़, 7) हानिकर, 9) अधिकतर, 11) आबरू; प्रतिष्ठा, 12) मधुर मुस्कान, 14) छिलन, 15) क़ाबिल; योग्य, 17) चालढाल; आचरण, 19) गदीला, 21) एक *दोहेकार* हिंदी संत कवि, 23) जुगाड़िया; गुणी, 24) खूब पीटना.

*ऊपर से नीचे:-* 2) छोकरा, 3) निस्संदेह, 4) इच्छा; स्वास्थ्यदशा, 5) अमिश्रित; शुद्ध, 7) वर्तमान स्थिति, 8) दया, 10) चंपत, 11) आँखों से ओझल, 13) काँख, 15) दीवानगी; पागलपन, 16) एक जलचर, 17) कोड़ा, 18) विस्मित, 20) कहानी; ब्योरा, 22) व्यतीत *(समय)*.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | श | वि | रा | ■ | ता | ज्जु | ब | ■ | ब |
| ■ | ■ | श | न | दा | र | ■ | च | क | र |
| गु | ला | ल | ■ | व | का | ल | त | ■ | बा |
| म | द | ■ | अं | त | ■ | ज़ | ■ | न | दी |
| ■ | ना | न | क | ■ | इ | त | मा | म | ■ |
| अ | ■ | ■ | ग | र | म | ■ | स | क | ता |
| च | क्र | पा | णि | ■ | ली | ची | ■ | ह | ज |
| र | ■ | व | त | न | ■ | त | रा | रा | ■ |
| ज | ज्वा | ती | ■ | शा | मि | ल | ■ | मी | न |

## सुडोकू-पहेली-3264

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 6 | 5 | |
| | 4 | | | 9 | | | 3 | |
| 5 | | | | | | | | |
| | 3 | 8 | | | | 9 | | 2 |
| | 2 | | 7 | | | | | |
| | | | 8 | | | | 1 | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | 3 | | | | |
| 8 | | | 9 | | 7 | | | |
| | | | | | 4 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3263 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 |
| 1 | 9 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 8 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 |

# बूथ एजेंट एसआईआर की सुनवाई के दौरान मतदाताओं की सहायता करें : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को पार्टी के बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) से राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के दौरान 'अनमैप्ड वोटर' की सहायता करने का आग्रह किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले डेढ़ महीने तक एसआईआर सहायता शिविरों को जारी रखने की भी अपील की। इस दिन, अभिषेक बनर्जी ने राज्य भर के 12 लाख बीएलए को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया और उनसे एसआईआर सहायता शिविरों को जारी रखने का आग्रह किया, ताकि आम जनता जिनके नाम एसआईआर के पहले चरण में दर्ज नहीं हुए हैं, उनकी मदद की जा सके और उन्हें अगले छह हफ्तों में होने वाली सुनवाई के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक इंच भी जमीन नहीं छोड़ी जाएगी। उन्हें सुनवाई प्रोसेस में मौजूद रहना होगा। उन्होंने कहा कि आपकी वजह से ही बीजेपी अपने प्लान में कामयाब नहीं हो पाई। राज्य में एसआईआर में सबसे कम नाम छूटे हैं। इतने नाम किसी भी समरी रिविजन में छूट जाते हैं। हमें और छह हफ्ते लड़ना होगा। उन्होंने बीएलए को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अगले डेढ़ महीने तक शैडो पार्टनर बनना होगा। वॉर रूम एक्टिव होना चाहिए। वोट प्रोटेक्शन कैंप अगले छह हफ्तों तक एक्टिव होने चाहिए। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कल से हियरिंग सेंटर के सामने कैंप लगाओ। देखो कि जो लोग हियरिंग में जा रहे हैं उन्हें कोई दिक्कत न हो। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि जो पंचायत प्रमुख लोगों के साथ खड़ा नहीं होता, उसे ऑफिस में रहने का कोई हक नहीं है। मैं सभी म्युनिसिपल चेयरमैन से कह रहा हूं कि लोगों के साथ खड़े रहें। रेजिडेंशियल सर्टिफिकेट दें। लोगों के साथ खड़े रहें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को राज्य सरकार की हाउसिंग स्कीम के तहत घर मिले हैं, उन्हें और क्या सबूत चाहिए? उन्होंने कहा, अगर किसी का नाम गैर-कानूनी तरीके से दर्ज हो जाए, तो फॉर्म सेवन भरें। उन्होंने बिहार में यह चाल चली थी। वे इसे पकड़ नहीं पाए। हमने इसे पकड़ लिया। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अगर वोटर लिस्ट में कोई नया नाम जुड़ता है, तो चेक करें कि वह वैलिड नाम है या नहीं। अगर आपको कोई शक है, तो हमें बताएं। चूंकि, बीजेपी एक करोड़ नाम नहीं हटा पाई, इसलिए वे नाम हटाने की पूरी कोशिश करेंगे। हमें देखना होगा कि एक भी वैलिड वोटर का नाम न छूटे।

## अभिषेक बनर्जी ने मुंबई में बांग्लादेशी समझकर गिरफ्तार किए गए प्रवासी श्रमिकों से की मुलाकात



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य के उन दो प्रवासी श्रमिकों से रविवार को मुलाकात की जिन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिया होने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा इस साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था। टीएमसी ने रविवार की रात एक बयान में बताया कि गिरफ्तार किये गये असित सरकार और गौतम बर्मन केंद्रीय मंत्री व भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के निर्वाचन क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं लेकिन उन्होंने (मजूमदार ने) उनकी मदद के लिए कथित तौर पर कोई कदम नहीं उठाया जबकि अबिषेक बनर्जी ने अप्रैल में उनकी परेशानी सुनकर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान की। पार्टी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनके (असित सरकार और गौतम बर्मन के) नाम एसआईआर की मसौदा मतदाता सूची में आ चुके हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे वैध भारतीय नागरिक हैं। फिर भी, उन्हें परेशान किया गया, अपमानित किया गया और उनके साथ बदसलूकी की गई, उनके साथ अपने ही देश में संदिग्धों की तरह व्यवहार किया गया। बता दें कि सरकार और बर्मन को अप्रैल में मुंबई के बाहरी इलाके भिवंडी में गिरफ्तार किया गया था।

## 'बांग्लादेश के लोग भी ममता पर करते हैं विश्वास', सौगत राय का विवादित बयान



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की भीड़ द्वारा हत्या के बाद देशभर में उठे आक्रोश के बीच तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत राय के हालिया बयान ने राजनीतिक चर्चा तेज कर दी है। सौगत राय ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर न केवल बंगाल, बल्कि पड़ोसी बांग्लादेश के लोग भी भरोसा करते हैं। सौगत राय के मुताबिक, ममता बनर्जी राज्य में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, जिससे पड़ोसी देश के लोगों का उन पर विश्वास और मजबूत होता है।

## एसआईआर के दवाब में एक और बीएलओ ने की आत्महत्या

**बांकुड़ा/कोलकाता :** जिले में रविवार को एक बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मृत पाया गया, जिसके बाद इन आरोपों को बल मिलने लगा है कि मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित काम के दबाव ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई हो सकती है। यह घटना रानीबांध ब्लॉक में हुई, जहां रविवार की सुबह एक स्कूल के परिसर से हराधन मंडल का शव बरामद किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंडल पेशे से स्कूल शिक्षक थे और वह रानीबांध ब्लॉक के रजकाटा क्षेत्र के अंतर्गत बूथ संख्या 206 के बीएलओ के रूप में कार्यरत थे। अधिकारी के अनुसार, मौके से मृतक के हस्ताक्षर वाला एक लिखित नोट बरामद हुआ है, जिसमें कथित तौर पर उन्होंने काम के दबाव को झेलने में असमर्थ होने का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि हमने (सुसाइड) नोट को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी के अनुसार, पुलिस ने मंडल की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### बीएलओ की मौत पर अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

बीएलओ की मौत के बाद, अभिषेक बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा पर एसआईआर प्रक्रिया को 'जबरदस्ती' संचालित करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि जल्दबाजी, अव्यवस्था और राजनीतिक रूप से प्रेरित एसआईआर प्रक्रिया के अमानवीय दबाव में भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्यक्रम 'स्वीप' (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) के तहत नियुक्त एक और बीएलओ ने अपनी जान दे दी, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। तृणमूल नेता ने आरोप लगाया कि बीएलओ ने 'आत्महत्या' कर ली। उन्होंने दावा किया कि मंडल ने अपने इस कदम के लिए लिखित नोट में 'एसआईआर कार्य की अमानवीय प्रकृति' को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जिसे एक व्यवस्थित प्रक्रिया होना चाहिए था, उसे एक लचर और मिलीभगत वाले निर्वाचन आयोग द्वारा जबरन (बुलडोज करके) थोप दिया गया है। एक पार्टी के राजनीतिक समीकरणों की पूर्ति और एक व्यक्ति के अहंकार की तुष्टि के लिए आयोग नतमस्तक हो गया है।

## शुभेंदु अधिकारी ने 'दुर्गांगन' शिलान्यास को लेकर ममता पर साधा निशाना



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में न्यूटाउन में प्रस्तावित 'दुर्गांगन' परियोजना के शिलान्यास को लेकर राज्य सरकार की मंशा और निर्णय प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। शुभेंदु अधिकारी ने लिखा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आज न्यूटाउन में 'दुर्गांगन' का शिलान्यास करने जाना था। इसके लिए पिछले दो महीनों से टेंडर जारी कर कथित तौर पर तृणमूल-समर्थित सिंडिकेट से जुड़े व्यापारियों को मिट्टी भराई का काम सौंपा गया। न्यूटाउन के विश्व बांग्ला सरणी स्थित वेस्ट-इन होटल के सामने, इको पार्क के पास स्वास्थ्य विभाग के अधीन एक निर्धारित स्थान पर शिलान्यास के लिए भव्य मंच भी तैयार किया गया था। हालांकि, शुभेंदु अधिकारी के अनुसार, अचानक इस परियोजना को लेकर विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने दावा किया कि जिस जमीन पर दुर्गांगन बनाने की योजना थी, उसके अधिग्रहण के समय कुछ मुस्लिम परिवारों का भी स्वामित्व था। कथित तौर पर, उन परिवारों और स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने आपत्ति जताई कि उनकी स्वामित्व वाली जमीन पर सरकारी खर्च से एक हिंदू धार्मिक स्थल क्यों बनाया जाएगा? शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि इस आपत्ति के बाद मुख्यमंत्री असमंजस में पड़ गईं। उन्होंने लिखा कि एक ओर हिंदू भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दुर्गांगन और महाकाल मंदिर जैसे प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम वोट बैंक को नाराज करने का जोखिम भी सामने आ गया। इसी कारण, कथित तौर पर आनन-फानन में दुर्गांगन के स्थान को बदलकर न्यूटाउन बस स्टैंड के पास तय किया गया, जबकि नया स्थान पहले औद्योगिक उपयोग के लिए चिह्नित था। अपने पोस्ट में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पर धर्म को लेकर राजनीति करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा को राजनीति में घसीटने का यह प्रयास उल्टा पड़ सकता है और आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री के लिए हालात और मुश्किल हो सकते हैं।

## विधानसभा चुनाव : गठबंधन नहीं, कांग्रेस अकेले लड़ेगी चुनाव



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत शुरू हो गयी है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने लेफ्ट के साथ गठबंधन की उम्मीद कर रहे लोगों को निराश किया। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि हम अकेले लड़ें। अभी हमारे पास जो ताकत है, उससे हम अकेले जा सकते हैं। हमने हाईकमान को इस बारे में बता दिया है। जब एक पार्टी कमजोर होती है, तो वे दूसरी पार्टी को साथ लेना चाहते हैं। हम अब पहले से ज्यादा मजबूत हैं। इसीलिए कांग्रेस अब अकेले जाने के पक्ष में है। बता दें कि पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस और लेफ्ट एक साथ चुनाव लड़े थे। इस बार, यह आशा की जा रही थी कि कांग्रेस और लेफ्ट एक साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन प्रदेश कांग्रेस ने साफ कर दिया कि वो लेफ्ट के साथ चुनाव लड़ने की पक्षधर नहीं है। इस दिन, शुभंकर सरकार ने कहा कि अब राज्य सरकार, केंद्र सरकार सभी धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रहे हैं। इसका कारण यह है कि लोगों की जरूरतें, नौकरी, खाना, घर, कानून और व्यवस्था, अब महत्वहीन हो गई हैं, क्योंकि कोई भी सरकार लोगों की किसी भी जरूरत को पूरा नहीं कर पा रही है। इसलिए, वे इनसे ध्यान हटाने के लिए छोटा धार्मिक ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब अपने पैरों पर चलने लायक है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पॉलिटिक्स के सभी इक्वेशन पोटेंशियल होते हैं। इसलिए, भविष्य में इक्वेशन बदल सकते हैं।

## राज्य पुलिस ने मुख्यमंत्री की तस्वीरों का इस्तेमाल करके किए जा रहे ऋण धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नाम और तस्वीरों का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर सक्रिय ऋण धोखाधड़ी गिरोह के प्रति जनता को रविवार को आगाह किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जा-लसाज फेसबुक और व्हाट्सऐप जैसे मंचों पर विज्ञापन और वीडियो प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें वे तथाकथित सरकार अनुमोदित योजनाओं के तहत बिना सीआईबीएल (सिबिल) अंक के तत्काल ऋण देने का झूठा दावा कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों को संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या ऐप डाउनलोड करने के लिए लुभाया जा रहा है, जिसके बाद उनसे आधार, पैन, बैंक खाता विवरण और एक बार के पासवर्ड (ओटीपी) साझा करने के लिए कहा जाता है। कुछ मामलों में, उनसे अग्रिम शुल्क भी मांगा जाता है। अधिकारी ने बताया कि पैसा हस्तांतरित किये जाने के बाद, सभी प्रकार का संचार अचानक बंद कर दिया जाता है। राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह पूरी तरह से फर्जी और धोखाधड़ी वाली योजना है। मुख्यमंत्री या राज्य सरकार द्वारा इस तरह के किसी भी ऋण कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई या मंजूरी नहीं दी गई है।

## मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता : शताद्रु दत्ता की जमानत खारिज, नौ जनवरी तक जेल हिरासत



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की एक कोर्ट ने रविवार को अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शताद्रु दत्ता की पुलिस हिरासत नौ जनवरी तक बढ़ा दी है। बता दें कि दत्ता को 13 दिसंबर को सॉल्टलेक स्टेडियम में कार्यक्रम के दौरान कुप्रबंधन के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन पर सरकारी मंजूरी के बिना खाद्य और पेय आपूर्तिकर्ता के साथ अनुबंध करने और 23 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है। मामले में पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद, रविवार को दत्ता को बिधाननगर उप-विभागीय कोर्ट में पेश किया गया। यहां सरकारी वकीलों ने उन पर कई आरोप लगाए। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि शताद्रु दत्ता प्रभावशाली व्यक्ति हैं और मामले में वित्तीय लेनदेन की गहन जांच की जरूरत है। इसके बाद, कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। इसको लेकर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कोर्ट के बाहर मीडिया को बताया कि जांच के लिए वित्तीय लेनदेन और कार्यक्रम के लिए पहले से की गई व्यवस्थाओं की आगे जांच की जरूरत है। उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई और उन्हें नौ जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि दत्ता ने प्रशासन से चर्चा किए बिना ही खाने-पीने के अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) को अंतिम रूप दे दिया था। पुलिस के मुताबिक, आधिकारिक कॉन्ट्रैक्ट 40 लाख रुपये का था, जबकि दत्ता ने कथित तौर पर 60 लाख रुपये नकद लिए थे। जांच में यह भी सामने आया कि कार्यक्रम के लिए करीब 19 करोड़ रुपये के 34 हजार से ज्यादा टिकट बेचे गए थे। मेस्सी के प्रशंसकों ने टिकट के लिए 4,000 से 12,000 रुपये और ब्लैक में 20,000 रुपये तक चुकाए थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि मेस्सी का 20 मिनट के भीतर कार्यक्रम से चले जाना पहले से तय था। पुलिस ने यह भी बताया कि अन्य शहरों की तरह कोलकाता में किसी पेशेवर कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी को नहीं रखा गया था, जो कि जांच का विषय है।

## तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो ब्लू लाइन पर एक घंटे से अधिक समय तक सेवाएं बाधित रहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** तकनीकी खराबी के कारण रविवार को मेट्रो की ब्लू लाइन के दक्षिणेश्वर और मैदान स्टेशनों के बीच सेवाएं लगभग डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेट्रो के प्रवक्ता ने बताया कि महानायक उत्तम कुमार स्टेशन से ठीक पहले एक ट्रेन के मोटरमैन को अचानक आपातकालीन ब्रेक लगाना पड़ा। आपातकालीन ब्रेक के कारणों की जांच की जा रही है। सुबह लगभग 11:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैदान और दक्षिणेश्वर स्टेशनों के बीच सेवाएं बाधित रहीं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे हुई घटना के बाद टॉलीगंज में उक्त ट्रेन से यात्रियों को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि ब्लू लाइन (दक्षिणेश्वर-शहीद खुदीराम) के पूरे मार्ग पर सामान्य सेवाएं अपराह्न एक बजे से फिर से शुरू हो गईं।

## अलीपुरद्वार में नदी से साधु का नग्न शव बरामद, इलाके में सनसनी

**अलीपुरद्वार :** जिले के शामुकतला इलाके में एक साधु की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत को लेकर सनसनी फैल गई है। शामुकतला थाना अंतर्गत लालपुर श्मशान घाट स्थित काली मंदिर में रहने वाले साधु का निर्वस्त्र शव श्मशान घाट से लगभग एक किलोमीटर दूर मियापाड़ा के पास धारसी नदी से बरामद किया गया। मृत साधु की पहचान महेंद्र सूत्रधर के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वह करीब छह से सात महीने पहले तूफानगंज से लालपुर श्मशान घाट स्थित काली मंदिर आए थे। मंदिर परिसर के पास बने एक कमरे में वह अकेले रहते थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब लोग साधु के कमरे में पहुंचे, तो वहां का नजारा चौंकाने वाला था। बताया जा रहा है कि उनका कमरा पूरी तरह अस्त-व्यस्त पड़ा था। दो कमरों के दरवाजे अंदर से बंद थे, जबकि एक खिड़की खुली हुई मिली। इस बीच, मियापाड़ा इलाके से होकर बहने वाली धारसी नदी में स्थानीय लोगों ने एक निर्वस्त्र शव देखा, जिसकी पहचान बाद में साधु महेंद्र सूत्रधर के रूप में हुई। रविवार की सुबह करीब 8:30 बजे शव को नदी में देखा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत शामुकतला थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से निकालकर शामुकतला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने साधु को एक दिन पहले भी इलाके में देखा था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## 5 जनवरी को राज्यव्यापी चक्का जाम का आह्वान

### ममताबाला ठाकुर की अगुवाई में मतुआ महासंघ का आंदोलन

**कोलकाता :** ठाकुरबाड़ी में मतुआ गोसाइयों पर कथित हमले के विरोध और एसएआर प्रक्रिया में मतुआ समुदाय के मताधिकार की सुरक्षा की मांग को लेकर ऑल इंडिया मतुआ महासंघ ने 5 जनवरी को पूरे राज्य में चक्का जाम आंदोलन का ऐलान किया है। यह आंदोलन ममताबाला ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा।

रविवार को ठाकुरनगर स्थित ठाकुरबाड़ी में ऑल इंडिया मतुआ महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महासंघ के महासचिव सुकेश चौधुरी ने जानकारी दी कि आगामी 5 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से राज्य के सभी जिलों में एक साथ चक्का जाम कार्यक्रम किया जाएगा।

महासंघ का कहना है कि हाल के दिनों में ठाकुरबाड़ी में मतुआ गोसाइयों के साथ मारपीट की घटनाएं हुई हैं, जो अत्यंत निंदनीय हैं। इसके साथ ही संगठन ने आरोप लगाया कि एसएआर प्रक्रिया के दौरान मतुआ समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की आशंका बनी हुई है। इन्हीं मुद्दों के विरोध में यह राज्यव्यापी आंदोलन बुलाया गया है।

मतुआ महासंघ के नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा, लेकिन यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे और भी कड़े कदम उठाए जा सकते हैं। प्रशासन से अपील की गई है कि मतुआ समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

इस घोषणा के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और प्रशासन भी संभावित चक्का जाम को लेकर सतर्कता बरत रहा है।

## पाटुली में युवती की रहस्यमयी मौत, फ्लैट से लटकता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा**

शहर के पाटुली इलाके में रविवार को एक युवती की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। पता चला है कि घर से उसकी लटकी हुई लाश मिली है। परिवार का आरोप है कि मृतका के लिव-इन पार्टनर का इस घटना से कनेक्शन है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान संगीता पात्रा (30) के रूप में की गई है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ पाटुली में एक घर में रहती थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, फ्लैट से युवती की लटकी हुई लाश बरामद हुई। पुलिस को तुरंत खबर दी गई। पुलिस ने जाकर लाश को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके बाद, मृतका के लिव-इन पार्टनर का नाम सामने आया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूरी खबर यह है कि मृतका के परिवार वालों ने इस घटना में लड़की के लिव-इन पार्टनर की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि युवक ने शादी का वादा करके संगीता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। लेकिन, अभी यह साफ नहीं है कि कपल के बीच कोई अनबन थी या नहीं। जांचकर्ताओं ने बताया कि शुरू में ऐसा माना जा रहा है कि युवती ने आत्महत्या की है। हालांकि, इसकी जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई और रहस्य तो नहीं है। जल्द ही पूरा मामला साफ हो जाएगा।

## एसआईआर : सुनवाई के दूसरे दिन भी शिविरों में पहुंची भारी भीड़



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई रविवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसमें राज्य भर के 3,234 केंद्रों के सामने लोगों की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया। अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों का 2002 की मतदाता सूची से कोई संबंध स्थापित नहीं हो पाया है, उन्हें पहले चरण में सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है।

हावड़ा जिले के संकराइल ब्लॉक कार्यालय पहुंची पोलियो पीड़ित 75-वर्षीय सबिता मन्ना एम्बुलेंस में ही अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं। मतदाता के रूप में उनके विवरण में विसंगतियों की खबरों को लेकर उनके चेहरे पर चिंता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। सबिता के भतीजे तापस मन्ना ने कहा कि मेरी चाची, जिनकी कोई संतान नहीं है, 2002 की मतदाता सूची में अपना नाम नहीं ढूंढ पाईं। बचपन में पोलियो होने के कारण वह ठीक से चल नहीं पातीं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान कर्मी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उनके घर जाकर उनसे मिलते थे और उन्हें केवल मतदान के दिन ही मतदान केंद्र आना पड़ता था, लेकिन इस बार उनका पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया था। सबिता ने एम्बुलेंस के अंदर से कहा कि इस उम्र में दोबारा नागरिकता साबित करनी पड़े तो बहुत दुख होता है। बारासात के काजीपारा इलाके की महिला मतदाता निरूफा खातून 2002 के चुनावों में अपने पिता के मतदान का सबूत न दे पाने के कारण सुनवाई के लिए बुलाए जाने से बेहद परेशान हैं। अपने पति के साथ पहुंची निरूफा ने कहा कि मैं उत्तर 24 परगना के कमरहटी इलाके में जन्मी एक भारतीय नागरिक हूं। शादी के बाद मैं बारासात के काजीपारा आ गई। हालांकि, मेरे पिता का देहांत हो चुका है और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, जबकि मेरी मां का देहांत मेरे जन्म के कुछ समय बाद ही हो गया था। मतदाता सूची अधिकारी ने मुझे आश्वासन दिया था कि सुनवाई के बाद सब कुछ सुलझ जाएगा। मैं बहुत चिंतित हूं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# तेहट्ट महकमा अस्पताल में इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप

❑ मरीज की मौत के बाद इमरजेंसी के सामने भारी हंगामा



**कोलकाता :** तेहट्ट महकमा अस्पताल में एक मरीज की मौत को लेकर शनिवार को भारी तनाव फैल गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय इस्माइल शेख के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल के इमरजेंसी विभाग के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया।

परिवार के अनुसार, इस्माइल शेख अपने पिता के इलाज के लिए चेन्नई गए थे। वहां से लौटते समय शनिवार तड़के रास्ते में ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें आनन-फानन में तेहट्ट महकमा अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने बिना समुचित जांच के इस्माइल को मृत घोषित कर दिया और काफी देर तक उन्हें इमरजेंसी के बाहर ही छोड़ दिया गया।

परिजनों का दावा है कि उस दौरान इस्माइल ने सांस लेना शुरू कर दिया, जिसे देखकर उन्होंने तत्काल डॉक्टरों को बुलाया। दोबारा जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भेजने का फैसला किया। हालांकि आरोप है कि पहले आईसीयू में ले जाने से परिजनों को रोका गया। बाद में दबाव के बाद भर्ती किया गया, लेकिन कुछ समय बाद फिर से डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परिवार का आरोप है कि जीवित अवस्था में ही मरीज को मृत घोषित कर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उसकी मौत हुई। इस घटना के विरोध में अस्पताल परिसर में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर तेहट्ट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

वहीं, अस्पताल सूत्रों का दावा है कि मरीज पहले ही मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। परिजनों के रोने-बिलखने के दौरान संभवतः पेट पर दबाव पड़ने से शरीर से गैस निकलने की घटना हुई, जिससे परिजनों को लगा कि मरीज जीवित है। दोबारा जांच के समय माहौल उत्तेजित हो गया था। स्थिति बिगड़ने से बचाने के लिए और इमरजेंसी के सामने अशांति न हो, इसी कारण डॉक्टरों ने दबाव में मरीज को आईसीयू में भेजा।

हालांकि, इस पूरे मामले में यह सवाल उठ रहा है कि यदि मरीज को मृत घोषित किया जा चुका था, तो फिर उसे आईसीयू में क्यों भेजा गया-क्या यह परिस्थितिजन्य दबाव था या चिकित्सकीय भ्रम? घटना को लेकर इलाके में व्यापक चर्चा और चिंता का माहौल है।

## 8 महीने में ही एक करोड़! दीघा जगन्नाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या ने पार किया ऐतिहासिक आंकड़ा

**पूर्व मेदिनीपुर :** उद्घाटन के एक वर्ष पूरे होने से पहले ही दीघा के जगन्नाथ धाम ने नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल पर पूर्व मेदिनीपुर के समुद्र तट पर बने इस भव्य मंदिर एवं सांस्कृतिक केंद्र में मात्र आठ महीनों में ही श्रद्धालुओं की संख्या एक करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। दिसंबर समाप्त होने से पहले यह ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई। रविवार, 28 दिसंबर की शाम बंगाल की खाड़ी से बहती हवा के बीच मंदिर का ध्वज लहरा रहा था, उसी समय यह खास क्षण सामने आया। एक नन्ही बच्ची को जगन्नाथ धाम का एक करोड़वां श्रद्धालु घोषित किया गया। बच्ची का नाम काकली जाना है, जो कोलकाता के टॉलीगंज की रहने वाली है। वह अपने माता-पिता और



भाई के साथ रविवार को दीघा में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए आई थी। मंदिर प्रबंधन की ओर से काकली और उसके परिवार का विशेष रूप से सम्मान किया गया। बच्ची को भगवान जगन्नाथ का महाप्रसाद, पुष्पमाला और स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर काकली के पिता सुरजीत जाना ने भावुक होकर कहा, हम तो साधारण श्रद्धालु बनकर आए थे। प्रभु की कृपा से ऐसा दुर्लभ सम्मान मिलेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की थी। यह हमारे जीवन की अनमोल उपलब्धि है। जगन्नाथ धाम में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या ने न केवल धार्मिक पर्यटन को नई गति दी है, बल्कि दीघा को राज्य के प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी स्थापित कर दिया है।

## त्योहारों में सेहत और स्वाद का संतुलन: डार्क चॉकलेट बादाम ऑरेंज केक बना नया ट्रेंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** बदलते समय के साथ त्योहारों की थाली में भी सेहतमंद विकल्पों की जगह बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में डार्क चॉकलेट बादाम ऑरेंज केक फेस्टिव सीजन का नया पसंदीदा डेजर्ट बनकर उभरा है। शेफ कविता सिंह द्वारा तैयार यह रेसिपी पारंपरिक मिठास और आधुनिक न्यूट्रिशन का संतुलित मेल है, जिसमें बादाम का आटा, डार्क चॉकलेट, ताजा संतरे का जेस्ट और मेपल सिरप का उपयोग किया गया है। मैक्स हेल्थकेयर की रीजनल हेड-डायटेटिक्स रितिका सामद्दार के अनुसार, त्योहारों का भोजन समझौते का नहीं, संतुलन का प्रतीक होना चाहिए। कैलिफर्निया बादाम प्रोटीन, फाइबर और अच्छे वसा का समृद्ध स्रोत हैं, जो हृदय स्वास्थ्य और ऊर्जा बनाए रखने में मदद करते हैं।

## सैमसंग इनोवेशन कैंपस से आंध्र प्रदेश में तकनीकी कौशल को मिली नई गति

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' (एसआईसी) के माध्यम से आंध्र प्रदेश में भविष्य की तकनीकी स्किलिंग को मजबूती दी है। विशाखापट्टनम स्थित विज्ञान इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और डीआईईटी कॉलेज में आयोजित समारोहों में कुल 750 छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग और प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विज्ञान कॉलेज में 500 छात्रों-250 एआई और 250 कोडिंग-प्रोग्रामिंग को सम्मानित किया गया, जबकि डीआईईटी कॉलेज में एआई में प्रशिक्षित 250 छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यक्रम में प्रशासनिक, शैक्षणिक और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# बिष्णुपुर में अभिनेता जीत के कार्यक्रम के दौरान अफरा-तफरी

### पुलिस को करना पड़ा हल्का लाठीचार्ज, कई घायल

**बांकुड़ा :** जिले के बिष्णुपुर में चल रहे मेले में शनिवार की रात उस समय हालात बेकाबू हो गए, जब अभिनेता जीत के कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी और हालात इतने बिगड़ गए कि पूरे कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी और तोड़फोड़ शुरू हो गई। बताया गया है कि इस दिन, यदुभट्ट मंच पर अभिनेता जीत समेत अन्य कलाकारों के नृत्य-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। तय कार्यक्रम के अनुसार रात करीब 8.30 बजे मंच पर कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम देखने के लिए न केवल बिष्णुपुर बल्कि पूरे बांकुड़ा जिले के अलग-अलग इलाकों से बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचे। जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया, भीड़ भी लगातार बढ़ती गई। हालात ऐसे बन गए कि पुलिस के लिए भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कुछ ही पलों में कार्यक्रम स्थल युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया। उत्तेजित दर्शकों के एक हिस्से ने मंच के सामने लगे बैरिकेड तोड़ दिए। इसके साथ ही मंच के सामने रखी गई सैकड़ों कुर्सियों को तोड़कर तहस-नहस कर दिया गया।


आरोप है कि वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को भी नहीं बख्शा गया। इसके अलावा, मेले में लगे कई दुकानों में भी तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाएं सामने आई हैं। मंच पर लगे कई बैनर और फ्लेक्स भी फाड़ दिए गए। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा, लेकिन इससे नाराजगी और बढ़ गई। धक्का-मुक्की में कई दर्शकों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने मौके से कुछ लोगों को अव्यवस्था फैलाने के आरोप में हिरासत में लिया, हालांकि, बाद में, उन्हें व्यक्तिगत बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। हालांकि, मेला आयोजकों का दावा है कि इस अव्यवस्था के बावजूद मुख्य कार्यक्रम प्रभावित नहीं हुआ। फिलहाल, प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है ताकि मेले के आगामी दिनों में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

## मंगलकोट में मेले से लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

**पूर्व बर्दवान :** मेला देखकर घर लौटते समय एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बादशा शेख (22) के रूप में हुई है। जबकि, घायलों में यूनुस शेख और शेख अब्दुल रहीम शामिल हैं। यह हादसा पूर्व बर्दवान जिले के मंगलकोट थाना अंतर्गत खैरहाट इलाके में हुआ। पता चला है कि दोनों घायल लोग केष्टबाटी इलाके में रहते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार की रात गांगुलीडांगा में एक कोल्ड स्टोरेज के पास एक बाइक और मारुति वैन के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के कारण बाइक पर सवार तीनों लोग बाहर गिर गए। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। इसके बाद, तीनों घायल लोगों को बचाया गया और कटवा उपजिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने बादशा शेख को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल यूनुस शेख की सर्जरी की गई। दूसरे घायल शेख अब्दुल रहीम का अभी कटवा उपजिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पता चला है कि एक बीमार मरीज को मारुति वैन में घर ले जाया जा रहा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को कटवा सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद बॉडी परिवार को सौंप दी जाएगी। हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। इस दुखद हादसे से पूरे इलाके में दुख का साया है।

## अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ में स्व. कमलाकांत मिश्र जी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि





**कोलकाता, समाज्ञा**

अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ संस्था के कार्यालय में रविवार को भूतपूर्व प्रेसिडेंट और चेयरमैन कमलाकांत मिश्र की याद में शोक सभा आयोजित की गई। कमलाकांत मिश्र जी का 16 दिसंबर को निधन हुआ था। शोक सभा में वर्तमान चेयरमैन ब्रह्मदेव जायसवाल, भूतपूर्व अध्यक्ष दिवाकर सिंह, अध्यक्ष रामानुज सिंह, कोषाध्यक्ष बैद्यनाथ चौधरी, सचिव वेद कुमार तिवारी सहित समस्त कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व, योगदान और संस्था के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके परिवार को सांत्वना भी दी गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके व्यक्तित्व और सेवा भाव की सराहना की और उनके लिए ईश्वर से आत्मा की शांति की कामना की।

### 10 रुपये से 4.3 लाख रुपये तक:

## 2025 में इंस्टामार्ट पर बदली भारत की खरीदारी की तस्वीर

**कोलकाता, समाज्ञा**

वर्ष 2025 में भारत में उपभोक्ता खरीदारी के तौर-तरीकों में बड़ा बदलाव देखने को मिला। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट अब केवल दैनिक जरूरतों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महंगी और प्रीमियम वस्तुओं की खरीद का भी प्रमुख जरिया बन गया। इंस्टामार्ट की वार्षिक रिपोर्ट 'हाउ इंडिया इंस्टामार्टेड 2025' के अनुसार, बेंगलुरु में 10 रुपये के प्रिंटआउट ऑर्डर से लेकर हैदराबाद में 4.3 लाख रुपये के आईफोन कार्ट तक, उपभोक्ताओं ने विविध स्तरों पर खरीदारी की। रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे अधिक खर्च करने वाले एक ग्राहक ने वर्ष भर में 22 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर दिए। मुंबई में एक उपभोक्ता ने 15.16 लाख रुपये का सोना खरीदा, जबकि वैलेंटाइन डे पर प्रति मिनट 666 गुलाबों के ऑर्डर दर्ज हुए। दूध, केले और अंडे जैसी जरूरी वस्तुएं सबसे अधिक खरीदी गईं। वहीं, कोलकाता 1,197 ऑर्डर करने वाले एक ग्राहक के साथ देश के सबसे सक्रिय बाजारों में शामिल रहा, जो क्विक कॉमर्स के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

## पूर्व रेलवे ने हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस को एलएचबी कोचों में किया अपग्रेड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12333/12334) को पारंपरिक आईसीएफ कोचों के स्थान पर आधुनिक एलएचबी कोचों में परिवर्तित किया है। यह नई व्यवस्था 27 दिसंबर से हावड़ा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन पर लागू हो गई है। नए एलएचबी कोच उन्नत सुरक्षा मानकों, बेहतर सस्पेंशन प्रणाली और आधुनिक इंटीरियर से लैस हैं। ये कोच 160 किमी प्रति घंटे तक की गति के लिए डिजाइन किए गए



हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। ट्रेन में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) की सुविधा, वातानुकूलित कोचों में उत्तम गुणवत्ता की लिनेन तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रो-न्यूमैटिक फ्लशिंग सिस्टम वाले बायो-टॉयलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं।

वर्तमान में हावड़ा मंडल 53 एलएचबी रेक के साथ 27 एलएचबी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन कर रहा है, जबकि केवल 6 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें 11 आईसीएफ रेक के साथ शेष हैं। शेष ट्रेनों को भी शीघ्र एलएचबी कोचों में परिवर्तित किया जाएगा। एलएचबी कोचों से सुसज्जित विभूति एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा को मंडल रेल प्रबंधक विशाल कपूर ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## 52 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन



**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने महिलाओं के संगठन जगदम्बा चैरिटी के सहयोग से 52 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। सेवा शिविर की उद्घाटनकर्ता कामिनी तिवारी, प्रमुख अतिथि पार्षद मीना पुरोहित, सरिता डागा, कुमुद चौधरी, निशा गुप्ता, लक्ष्मी गनेरीवाल, संगीता जैन, सुनीता सोनी, सीमा खेतान, कुन्ती सिंह, सुनीता शर्मा एवम् अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, सचिव विकास चन्द चांडक, आलोक दमानी, अविनाश गुप्ता, गोवर्धन मूंधड़ा, हरि प्रकाश सोनी, विजय बागड़ी, गणेश प्रसाद लाखोटिया, संजय सांगानेरिया, गोपी मूंधड़ा एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। पार्षद मीना पुरोहित एवम् कामिनी तिवारी ने मातृ शक्ति द्वारा परोपकार, निःस्वार्थ भावना से किये जा रहे सेवा कार्य की सराहना की। नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए सभी अतिथियों ने रोगियों को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामना दी। संचालन आलोक दमानी, धन्यवाद ज्ञापन विकास चन्द चांडक ने किया।

## सुंदरबन में पुंड्रा-जैन सम्मेलन 2025 आयोजित, जैन विरासत के पुनर्जीवन पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुंदरबन के सुदूर अंचलों में छिपी गौरवशाली इतिहास और लगभग विस्मृत जैन विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से पुंड्रा-जैन सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सुंदरबन क्षेत्र में निवास करने वाली पुंड्रा जनजाति की खोई हुई पहचान, संस्कृति और उनके जैन धर्म से जुड़े ऐतिहासिक संबंधों को नई पीढ़ी के समक्ष प्रस्तुत करना रहा। यह जनजाति कभी अंतिम श्रुत केवली आचार्य भद्रबाहु की अनुयायी मानी जाती रही है और जैन धर्म की ध्वजवाहक रही है।

सम्मेलन में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार जैन सेठी सहित पश्चिम बंगाल शाखा के अध्यक्ष निर्मल पुष्पा बिन्दायक्या, महामंत्री मनीष गंगवाल, कोषाध्यक्ष मनोज कास-लीवाल, पुरातत्व संयोजक दिनेश गंगवाल, सदस्य अभिषेक सेठी,



परिचित सेठी, महिला महासभा की सदस्य ज्ञानादेवी सेठी, राशि सेठी एवं अनामिका जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगला-चरण से हुआ, जिसे डॉ. अरूप कुमार हलदर ने संपन्न कराया। इसके पश्चात यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता के शोधकर्ता एवं पुंड्रा जैन समाज के अध्यक्ष विनोद सरदार ने अपने उद्बोधन में सुंदरबन के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार पुरुलिया जिले के गांव-गांव में जैन मूर्तियां विद्यमान हैं, उसी तरह सुंदरबन क्षेत्र के अनेक गांवों में जैन प्रतिमाएं पाई जाती हैं। उन्होंने गंगासागर, टेराकोटा जतार देउल मंदिर और क्षेत्र की पुरातात्विक विरासत का उल्लेख करते हुए जैन मंदिर, संग्रहालय और जैन शिक्षा हेतु विद्यालय स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

इसके बाद शोधकर्ता पंकज तांती, तापस सरदार, इंजीनियर विधान तांती, वैज्ञानिक त्रिदिब हलदर, शिक्षक प्रतिभाबिंदु हलदर और स्वास्थ्य कार्यकर्ता संदीप सरदार ने भी अपने विचार साझा किए। सम्मेलन में पुंड्रा समाज द्वारा तीर्थ संरक्षिणी महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया तथा महासभा द्वारा पुंड्रा समाज के पदाधिकारियों को बंग्ला भाषा में जैन धर्म की पुस्तकें भेंट की गईं।

अंत में पुरातत्व संयोजक दिनेश गंगवाल ने घोषणा की कि कोलकाता में शीघ्र ही एक बैठक आयोजित कर सुंदरबन में जैन मंदिर, संग्रहालय और विद्यालय निर्माण पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के पश्चात वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ तथा प्रतिनिधियों ने जतरा देउल मंदिर और विष्णुपुर संग्रहालय का भ्रमण किया।

## सियालदह-बारासात खंड पर विशेष टिकट जांच अभियान

### 1.05 लाख से अधिक का वसूला जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से सियालदह-बारासात रेल खंड पर एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व सियालदह के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जसराम मीणा ने किया। अभियान के दौरान बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करने वाले 282 यात्रियों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त, बिना बुक किए गए सामान के 94 मामले तथा थूकने के 33 मामले दर्ज किए गए। इस प्रकार कुल 409 मामलों का पता लगाया गया, जिनसे रेलवे को 1,05,590 की राशि जुर्माने के रूप में प्राप्त हुई। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा रेलवे के नियमों और विनियमों के पालन को सुनिश्चित करना है, जिससे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा बनी रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से परम आनंद, सच्चिदानंद

### माथुरवैश्य भवन में श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति

**कोलकाता :** श्रद्धा और भक्ति से 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' एवम् भक्ति भजनों की प्रस्तुति से माथुरवैश्य भवन में श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर वृंदावन से पधारे श्रीभगवान भईयाजी ने अपने आशीर्वचन में कहा कथा श्रवण कर श्रोता ज्ञान और भक्ति के प्रकाश से जीवन में अंधकार रूपी अज्ञान को दूर करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से परम आनंद, सच्चिदानंद का अनुभव होता है। कथावाचक भईयाजी ने गोसंवर्द्धन, गोसंरक्षण की प्रेरणा देते हुए कहा श्रीकृष्ण का बचपन गौसेवा में बीता, इसीलिए उनका नाम गोपाल पड़ा। मोरमुकुटधारी, पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण के जीवन में गौमाता उनकी आराध्य है। कथावाचक भईयाजी ने श्रीकृष्ण - सुदामा मित्रता के प्रसंग में कहा



श्रीकृष्ण एवम् सुदामा की मित्रता समाज में अमीर - गरीब वर्ग में परस्पर सद्भावना, समानता की प्रेरणा देती है। राधे - राधे, जय श्रीराधे... भक्तिमय वातावरण में प्रमुख यजमान मिथिलेश गुप्ता, राजेश (राजू), रवि, मनोज, मनीष, आयोजक माथुरवैश्य इंटरनेशनल क्लब के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव प्रवीण गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, सुरेश कौशल, राजेन्द्र गुप्ता (कपूरवाले), रेशमा, अनीता, शशि, सरला, नीलम, मोनिका, पूनम सहित महिला समिति एवम् सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने व्यास पीठ का पूजन कर सामूहिक आरती की एवम् भाव - विभोर हो गये।

## ट्रैक में अवरोध से जसीडीह-झाझा खंड प्रभावित, ट्रेनों के मार्ग बदले

**कोलकाता, समाज्ञा :** जसीडीह-झाझा रेल खंड में लाहाबोन और सिमुलतला के बीच रेल पथ में अवरोध उत्पन्न होने के कारण इस खंड में ट्रेन परिचालन प्रभावित हुआ है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने कई लंबी दूरी की ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 28 दिसंबर को चलने वाली 12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस को प्रधानखुंटा-धनबाद-गया-दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन मार्ग से, 12351 हावड़ा-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस को प्रधानखुंटा-धनबाद-गया-पटना मार्ग से, 15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस को धनबाद-गया-किऊल मार्ग से तथा 13287 दुर्ग-आरा एक्सप्रेस को प्रधानखुंटा-धनबाद-गया-किऊल मार्ग से डायवर्ट किया गया है। इसी क्रम में, 28181 टाटानगर-कटिहार एक्सप्रेस को आसनसोल-अंडाल-सैंथिया-रामपुरहाट-गुमानी-मालदह टाउन मार्ग से, 12253 एसएमवीबी बेंगलुरु-भागलपुर एक्सप्रेस को खना-रामपुरहाट-गुमानी-साहिबगंज मार्ग से, 18622 हटिया-पुणे एक्सप्रेस को धनबाद-गया-पटना मार्ग से तथा 13121 कोलकाता-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस को अंडाल-सैंथिया-रामपुरहाट-गुमानी-भागलपुर-किऊल मार्ग से संचालित किया जा रहा है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा विविधताओं और आदान-प्रदान की महान देन है

**कोलकाता, समाज्ञा :** सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन एवं भारतीय भाषा परिषद द्वारा आयोजित हिंदी मेला के चौथे दिन 'भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक हिंदी साहित्य' विषय पर देश भर से आए विद्वानों ने अपनी बातें रखीं। भारतीय ज्ञान परंपरा पर 31वीं हिंदी मेला में चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सभी दिशाओं से विचारों को आने दो' यह ऋग्वेद का एक महान कथन है। सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन और भारतीय भाषा परिषद द्वारा आयोजित इस विषय पर राष्ट्रीय संवाद में देश के विभिन्न कोनों से विद्वानों ने भाग लिया। अध्यक्षीय वक्तव्य बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अवधेश प्रधान ने दिया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर गोपेश्वर सिंह एवं हिंदी विश्वविद्यालय, हावड़ा के प्रथम कुलपति प्रो. दामोदर मिश्र



को प्रो. कल्याणमल लोढ़ा - लिली लोढ़ा शिक्षा सम्मान प्रदान किया गया। पत्रकारिता के लिए सबलोग पत्रिका के संपादक किशन कालजयी को युगल किशोर सुकुल पत्रकारिता सम्मान एवं निर्मल वर्मा साहित्य सम्मान प्रसिद्ध युवा कथाकार तसनीम खान, जयपुर को मिला। राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम सत्र का संचालन डॉ गीता दूबे, सम्मान सत्र का डॉ इतु सिंह, शोध संवाद का डॉ. आदित्य गिरी, राष्ट्रीय संगोष्ठी द्वितीय सत्र का डॉ. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने किया। मानपत्र का वाचन मनीषा गुप्ता, रेखा साव, सूर्य देव राय और डॉ श्रद्धांजलि सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन के दायित्व का निर्वाह डॉ गुलनाज बेगम, प्रो.एन.चंद्रा राव, प्रो. पूजा गुप्ता एवं राजेश साव ने किया।

# हुमायूं कबीर के बेटे को पुलिस कर्मी पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया गया, रिहा

**❑ विधायक ने एक जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के घेराव की दी चेतावनी**

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** नवगठित जनता उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर के बेटे गुलाम नबी आजाद को मुर्शिदाबाद जिले स्थित आवास पर तैनात एक पुलिस कर्मी पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में रविवार को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोहेल को कांस्टेबल जुम्मा खान द्वारा शक्तिपुर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हिरासत में



लिया गया है। उन्होंने बताया कि खान ने आरोप लगाया था कि विधायक के बेटे ने रविवार की सुबह उस पर तब हमला किया जब उसने कुछ दिनों की छुट्टी के लिए आवेदन दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हालांकि, शाम को हुमायूं कबीर के बेटे गुलाम नबी आजाद उर्फ रॉबिन को छोड़ दिया है। पुलिस ने गुलाम नबी आजाद को जांच लंबित रहने तक नोटिस देकर रिहा किया है। जिला साइबर थाने की टीम ने विधायक हुमायूं कबीर के आवास से डिजिटल सबूत एकत्र किए हैं, लेकिन कुछ तकनीकी खराबी के कारण फुटेज प्राप्त नहीं हो सका। इसलिए, संपूर्ण डीवीआर और स्टोरेज आज साइबर फोरेंसिक लैब को भेजा जाएगा। शिकायत के आधार पर हुमायूं कबीर और उनके बेटे रॉबिन दोनों के खिलाफ गैर-जमानती धारा के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। दूसरी तरफ, कबीर ने कहा कि वह कथित घटना के समय किसी काम से अपने आवास से बाहर थे। उन्होंने बरहामपुर में संवाददाताओं से कहा कि आज मेरे बेटे ने मेरे घर में एक पुलिस कर्मी के प्रवेश पर आपत्ति जताई और इससे कानून प्रवर्तक नाराज हो गए जिन्होंने मेरे बेटे पर दुर्व्यवहार का झूठा आरोप लगाया। कबीर ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर पुलिस उन्हें निशाना बना रही है। विधायक ने कहा कि पुलिस बल 'कमजोर बहाने' के आधार पर किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि के घर की घेराबंदी नहीं कर सकता। कबीर ने कहा कि राजनीतिक से प्रेरित इस उत्पीड़न के विरोध में मैं एक जनवरी को मुर्शिदाबाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करूंगा। मैंने आज की घटना के बारे में वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगता हूं। वे मुझे डरा नहीं सकते। कबीर ने दावा किया कि उनके बेटे को झूठे आरोपों में गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिया गया। उन्होंने आजाद को तत्काल रिहा करने की मांग की।

# कोन्नगर मातृसदन में अत्याधुनिक ऑपरेशन टेबल का उद्घाटन

**हुगली, समाज्ञा :** कोन्नगर नगरपालिका द्वारा संचालित मातृसदन एवं शिशु मंगल संस्थान में रविवार को एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल ऑपरेशन टेबल का शुभ उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा का उद्घाटन श्रीरामपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद कल्याण बनर्जी ने किया।

उल्लेखनीय है कि इस अत्याधुनिक ऑपरेशन टेबल के लिए सांसद कल्याण बनर्जी ने एमपी लैड निधि से आर्थिक सहायता प्रदान की है। उद्घाटन कार्यक्रम में कोन्नगर नगरपालिका के नगराध्यक्ष स्वपन कुमार दास, नगरपालिका के सभी पार्षदों के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि नई ऑपरेशन टेबल के शुरू होने से मातृसदन में शल्य चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे विशेष रूप से क्षेत्र की माताओं और नवजात शिशुओं को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



नगरपालिका प्रशासन ने भी इस पहल को क्षेत्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### कृष्णन रामचंद्रन, एमडी एवं सीईओ, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस की ओर से इयर-एंड नोट भारत का बीमा उद्योग 2025 में

**कोलकाता :** जैसे-जैसे 2025 अपने अंत की ओर बढ़ रहा है, भारत का बीमा उद्योग एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुज़रा है – जो साहसिक नीतिगत निर्णयों, प्रमुख खिलाड़ियों के बीच रणनीतिक बदलावों और बदलती ग्राहक आवश्यकताओं से आकार लेता रहा। इस क्षेत्र के लिए दो ऐतिहासिक विकास ऐसे रहे, जो संभावित इन्फ्लेक्शन पॉइंट के रूप में सामने आए। पहला, सरकार द्वारा स्वास्थ्य, व्यक्तिगत दुर्घटना और यात्रा बीमा को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से पूरी तरह मुक्त करने के फैसले ने बीमा को एक आवश्यक वित्तीय सेवा के रूप में मान्यता दी। दूसरा, लोकसभा ने सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया, जिसके तहत भारतीय बीमा कंपनियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दी गई।

# रिसड़ा टाउन कांग्रेस कमेटी ने मनाया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस



**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा टाउन कांग्रेस कमेटी की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम रिसड़ा के एन.एस. रोड इलाके में स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया गया। भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेसी नेता ब्रह्मदेव रविदास की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर सुजीत घटक, देवेंद्र सिंह, सुरेश तिवारी (जनरल सेक्रेटरी), शाहिद नवाज खान, विशाल सिंह, एस.के. रशीद, मोहम्मद हलीम, बिकाश पारीक, अनिकेत वर्मा समेत कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ और युवा नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने कांग्रेस के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में पार्टी की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प को दोहराया।

# एसआईआर : तृणमूल कांग्रेस ने बुजुर्गों, दिव्यांगों को सुनवाई शिविरों में आने के लिए 'मजबूर' किये जाने की निंदा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) योजना के तहत सत्यापन के लिए अधिकारियों को घर भेजने के बजाय बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों एवं दिव्यांगों को सुनवायी के वास्ते उनके घरों से दूर स्थित शिविरों में आने के लिए मजबूर कर रहा है। इस दिन, तृणमूल सांसद पार्थ भौमिक ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने उन बुजुर्ग और बीमार व्यक्तियों को तलब किया है जिन्हें उनकी गणना प्रपत्रों में कुछ विसंगतियों के कारण 'अनमैप्ड' श्रेणी में रखा गया था। उन्होंने कहा कि यह किसी यातना से कम नहीं है। चलने फिरने में दिक्कत के कारण निर्वाचन आयोग बुजुर्गों के घरों पर मतदान कर्मियों को भेजता है। इस बार वे वही प्रक्रिया क्यों नहीं अपना सके? भौमिक ने कहा कि तृणमूल नेताओं ने निर्वाचन आयोग के साथ हुई बैठक के दौरान इस मुद्दे को बार-बार उठाया था, लेकिन लगता है कि निर्वाचन आयोग ने इसे नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे व्यवहार की निंदा करते हैं।

उनकी बात का समर्थन करते हुए वरिष्ठ मंत्री शशि पांजा ने निर्वाचन आयोग के रवैये को 'अमानवीय' बताया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग लोगों को निर्धारित तिथि और समय पर शिविरों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पांजा ने यह भी कहा कि जहां ऐसी खबरें हैं कि कुल 1.36 करोड़ लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा, वहीं एक तार्किक विसंगति बनी हुई है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने उपलब्ध आंकड़े के बावजूद यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें अस्थायी मतदाता सूची से किस आधार पर बाहर रखा गया है।

# केंद्रीय अधिकारी बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

## नीली बत्ती लगी कार समेत युवक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के डोमजूर में केंद्रीय अधिकारी बनकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना शनिवार रात डोमजूर अस्पताल इलाके की है, जहां स्थानीय लोगों की सतर्कता से आरोपी पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, सौविक पाड़ुई नामक युवक खुद को केंद्रीय सरकार के विभिन्न विभागों का अधिकारी बताकर लोगों को नौकरी दिलाने का भरोसा देता था। आरोप है कि वह एडिटिंग ऐप की मदद से फर्जी तस्वीरें तैयार कर सोशल मीडिया पर साझा करता था, ताकि अपनी पहचान को विश्वसनीय दिखा सके। इन्हीं तरीकों से उसने कई लोगों से बड़ी रकम ऐंठी।

शनिवार रात अस्पताल क्षेत्र में नीली बत्ती लगी एक कार और उस पर केंद्रीय वित्त विभाग का बोर्ड देखकर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने गाड़ी को रोककर पूछताछ की, जिसमें ठगी की बात सामने आने पर युवक को तुरंत डोमजूर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि इस ठगी के गिरोह में और कौन-कौन शामिल है।

# पिकनिक मनाने आए गाड़ी की टक्कर से शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के घर की दीवार टूटी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बागनान के पास देउलटी इलाके में पिकनिक की हुड़दंग और लापरवाह वाहन परिचालन के कारण प्रसिद्ध साहित्यकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के पैतृक घर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना रविवार को हुई। जानकारी के अनुसार, पिकनिक मनाने जा रही एक कार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के घर के पास से तेज रफ्तार में गुजरते समय अचानक अनियंत्रित हो गई और घर की दीवार से टकरा गई। टक्कर के चलते लाल रंग की दीवार का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के परपोते जय चट्टोपाध्याय ने आसपास की पार्किंग



व्यवस्था के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क किया। संबंधित पक्ष की ओर से सोमवार तक क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत कराए जाने का आश्वासन दिया गया है। उल्लेखनीय है कि देउलटी स्थित शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का आवास हावड़ा जिले की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और पर्यटन धरोहरों में शामिल है। वर्ष भर यहां पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है, जबकि सर्दियों के मौसम में पिकनिक मनाने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

# पुलिस की तत्परता से 12 घंटे में मंदिर चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**हुगली :** चंडीतला थाना की पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की घटना के महज 12 घंटे के अंदर चोरी गया सामान बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राचीन बक्शा बद्दी माता मंदिर में बीती रात चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई थी। देर रात असामाजिक तत्वों ने मंदिर की लोहे की ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और देवी के आभूषण, पूजा के बर्तन तथा दानपेटी में रखी नकद राशि चुरा ली। 27 दिसंबर 2025 की सुबह लगभग 8 बजे घटना की सूचना मिलते ही चंडीतला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल जांच शुरू करते हुए चोरी का मामला दर्ज किया। पुलिस की



सक्रियता और त्वरित कार्रवाई के चलते महज 12 घंटे के अंदर ही बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी गए सभी सामान के साथ-साथ वारदात में प्रयुक्त औजार भी बरामद कर लिए गए हैं।

# कैनिंग में महिला होम गार्ड का शव बरामद, सब-इंस्पेक्टर पर हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग पुलिस क्वार्टर से एक महिला होम गार्ड का शव बरामद किया गया। मृत होम गार्ड की पहचान गुलज़ान परवीन मोल्ला उर्फ रेशमी (22) के रूप में हुई है। मृत होम गार्ड के परिवार ने कैनिंग थाने के एक सब-इंस्पेक्टर पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, गुलज़ान परवीन मोल्ला जीवनतला थाना अंतर्गत उत्तर मौखाली इलाके की निवासी थीं और कैनिंग थाने में होम गार्ड के तौर पर कार्यरत थीं। वह शुक्रवार को ड्यूटी के बाद कैनिंग थाने के पीछे वाले क्वार्टर में चली गई थीं। उनको बार-बार कॉल करने के बाद भी किसी ने फोन नहीं उठाया। शनिवार को भी पूरे दिन उनसे संपर्क करने की कोशिश की



गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद, परिवार के लोग परेशान होकर कैनिंग थाने पहुंचे। बहन रुखसाना खातून सीधे क्वार्टर में गईं। जैसे ही दरवाजा खोला गया, रेशमी की बॉडी गले में घूंघट डाले छत से लटकी हुई दिखी। सूचना मिलने पर कैनिंग थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की व्यवस्था की। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार ने बताया कि गुलज़ान के पिता रशीद मोल्ला की दो साल पहले पंचायत चुनाव के दौरान भांगड़ में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद, परिवार की बड़ी बेटी गुलज़ान को होम गार्ड की नौकरी मिली थी। गुलजान के परिजनों ने कैनिंग थाने के सब-इंस्पेक्टर सायन भट्टाचार्य के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिवार का आरोप है कि गुलज़ान और सायन भट्टाचार्य के बीच विवाहेतर संबंध थे और इस बात के सामने आने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर निष्पक्ष जांच की जा रही है। फिलहाल, घटना को लेकर इलाके में तनाव बना हुआ है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण, 76 मरीजों को मिला लाभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की अग्रणी सामाजिक सेवा संस्था सोसाइटी बेनिफिट सर्किल की ओर से रविवार को ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हमीरागाछी स्थित हरिपाल अंचल में संस्था द्वारा संचालित चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुआ, जहां प्रत्येक माह की तरह इस बार भी जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। यह वितरण कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति रमेश सरावगी के कर-कमलों से हुआ। व्यवस्था और सेवाभाव को देखते हुए उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर संस्था के सदस्यों और अन्य अतिथियों की सक्रिय सहभागिता



रही। अतिथियों में रिशव, मयंक, किरण, रिशा, शैली, मेहुल, एकांश, यथार्थ, कीवी सहित संस्था की कार्यकारिणी के सदस्य सुभाष चंद्र गोयनका, अंजू गोयनका, अरुण केडिया, कमल शर्मा, चंदा शर्मा, अमित परवाल, शीतल परवाल, मेघा जगनानी, अरुण झुनझुनवाला, अनु मिश्र आदि उपस्थित रहे। डॉ. शमीम अहमद के नेतृत्व में चक्षु परीक्षण के उपरांत कुल 76 मरीजों को चश्मे वितरित किए गए।

उल्लेखनीय है कि संस्था अपने चिकित्सा सेवा कार्यों के अंतर्गत नियमित रूप से चक्षु परीक्षण एवं होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष पवन बंसल ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सामूहिक प्रयास से ही ऐसे सेवा कार्य सफल होते हैं।

# अंधेरी रात में कब्र खोदकर शव गायब, इलाके में सनसनी

**हुगली :** हुगली जिले के बकुल पाड़ा बटतला इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। लगभग 11 महीने पहले बीमारी के कारण मृत बाबुजान अली को तय धार्मिक नियमों के अनुसार बटतला कब्रिस्तान में दफनाया गया था। आरोप है कि शनिवार देर रात अज्ञात लोगों ने कब्रिस्तान में घुसकर उनकी कब्र खोदी और शव निकालकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बालागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे कब्रिस्तान क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शव निकालने के पीछे क्या उद्देश्य था और इस वारदात में कौन-कौन शामिल है। जांच के तहत



कब्रिस्तान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि घटना के समय किसी प्रत्यक्षदर्शी ने कोई संदिग्ध गतिविधि देखी थी या नहीं। इस रहस्यमयी घटना से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# राजाबाजार हत्याकांड में गिरिडीह से आरोपी गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद

## विवाहेत्तर संबंध के कारण युवक की गई थी हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने एक हफ्ते के अंदर राजाबाजार में विवाहेत्तर संबंध को लेकर तनाव के चलते हुई युवक की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। घटना के मुख्य आरोपी को पड़ोसी राज्य झारखंड के गिरिडीह से गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही, हत्या में इस्तेमाल चाकू और स्कूटर भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद मुस्लिम है। उसे ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गत 22 दिसंबर को राजाबाजार क्रॉसिंग के सामने के.सी. सेन स्ट्रीट पर महबूब आलम (41) नाम के शख्स की हत्या कर दी गई थी। उसकी पत्नी जाहिदा की शिकायत के आधार पर अम्हर्स्ट स्ट्रीट थाने की पुलिस ने जांच शुरू की। पता चला है कि 22 तारीख की रात को के.सी. सेन रोड के सामने एपीसी रोड पर काले रंग के स्कूटर पर सवार आरोपी महा मुस्लिम उर्फमुस्लिम अंसारी ने महबूब आलम पर हमला कर दिया था। चाकू से गोदकर उसकी हत्या करने के बाद वह स्कूटर पर भाग गया। जब पुलिस ने उसकी हरकतों की जांच की, तो पता चला कि महा मुस्लिम राज्य छोड़कर भाग गया है। आखिर में, पता चला कि हमलावर गिरिडीह के बिरनी के कपिलो गांव में छिपा हुआ था। वहां तलाशी ली गई और रविवार की सुबह मोहम्मद मुस्लिम को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में इस्तेमाल काला स्कूटर और चाकू बरामद कर लिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि मृत महबूब आलम की पत्नी का उससे विवाहेत्तर संबंध था। इसी बात को लेकर तनाव था। इसी वजह से मुस्लिम अंसारी ने महबूब की हत्या कर दी। पुलिस ने उसे रविवार को गिरिडीह कोर्ट में पेश किया और ट्रांजिट रिमांड के लिए अप्लाई किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# नगरपालिका ने पुरुलिया शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए किया अभियान शुरू

**पुरुलिया :** पुरुलिया नगरपालिका ने पुरुलिया शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इस बीच, पुरुलिया में फुटपाथ पर कब्जा जमाए अस्थायी दुकानों और व्यापारियों को हटाने का काम शुरू हो गया है। पहले से सूचना देकर फुटपाथ पर कब्जा जमाए दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़ने का काम शुरू हो गया है। हाल ही में, पुरुलिया नगरपालिका का बोर्ड भंग कर प्रशासक नियुक्त किया गया था। वर्तमान में, पुरुलिया सदर अनुमंडल प्रशासक उत्पल कुमार घोष पुरुलिया नगरपालिका के प्रशासक हैं। उसके बाद, पुरुलिया नगरपालिका ने पुरुलिया शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए कदम उठाया है।



पुरुलिया शहर की विभिन्न सड़कों पर फुटपाथ पर कब्जा कर कई लोग अस्थायी दुकानें या व्यवसाय चला रहे हैं। नतीजतन, आम लोगों को हर दिन जाम समेत कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। फुटपाथ पर अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानों के मालिकों को बार-बार चेतावनी देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

अब, गैर-कानूनी कब्ज़े वालों को हटाने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं और जेसीबी मशीन से दुकानों को गिराने का काम शुरू हो गया है।

# भारत में हुई शादी पर भी विदेश की अदालत में हो सकता है तलाक : हाई कोर्ट

**❑ कोर्ट ने कहा, भारतीय कानून में ऐसी किसी प्रक्रिया पर पूर्ण रोक नहीं**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी व्याख्या करते हुए कहा है कि यदि पति या पत्नी में से कोई एक विदेश में निवास कर रहा है, तो भारत में संपन्न हुई शादी के बावजूद विदेशी अदालत में तलाक के मामले की सुनवाई की जा सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारतीय कानून में ऐसी किसी प्रक्रिया पर पूर्ण रोक नहीं है। यह फैसला न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की खंडपीठ ने उस मामले



में दिया, जिसमें तलाक के अधिकार क्षेत्र (ज्यूरिस्डिक्शन) को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था।

मामले के अनुसार, दंपती का विवाह 15 दिसंबर 2018 को कोलकाता में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। पति ने 4 सितंबर 2024 को कोलकाता की अलीपुर अदालत में तलाक की याचिका दायर की। इसके बाद, 10 अक्टूबर 2024 को पत्नी ने ब्रिटेन की एक अदालत में तलाक और भरण-पोषण (मेंटेनेंस) का मामला दाखिल किया। पत्नी का कहना था कि वह वर्ष 2015 से ब्रिटेन में पहले छात्र वीजा और बाद में वर्क वीजा पर रह रही है, और पति-पत्नी के रूप में उनका अंतिम साझा निवास भी ब्रिटेन में ही था। ब्रिटेन की अदालत ने मई 2025 में पति को भरण-पोषण देने का आदेश दिया था, लेकिन अलीपुर की निचली अदालत ने इस आदेश पर रोक लगा दी। निचली अदालत का मानना था कि चूंकि पति ने पहले भारत में तलाक की अर्जी दी थी और पत्नी के पास ब्रिटेन की स्थायी नागरिकता नहीं है, इसलिए विदेशी अदालत को अधिकार क्षेत्र प्राप्त नहीं है। हालांकि, कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया।

हाई कोर्ट ने कहा कि पति ने स्वयं ब्रिटेन की अदालत में उपस्थित होकर गवाही और साक्ष्य प्रस्तुत किए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह वहां की न्यायिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल था। ऐसे में वह बाद में उस अदालत के अधिकार क्षेत्र पर सवाल नहीं उठा सकता। कोर्ट ने पति के इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि ब्रिटेन में तलाक का आधार, विवाह का पूरी तरह टूट जाना, भारतीय कानून के अंतर्गत मान्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णय का हवाला देते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि जब वैवाहिक संबंध इस हद तक बिगड़ जाएं कि उनके सुधरने की कोई संभावना न बचे, तो इसे क्रूरता के समान माना जा सकता है और यह तलाक का वैध आधार हो सकता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यद्यपि हिंदू विवाह अधिनियम में जिला अदालत से तात्पर्य सामान्यतः भारतीय अदालतों से है, लेकिन बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में विदेशी अदालतों की सुनवाई को पूरी तरह अमान्य नहीं ठहराया जा सकता।

# अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषित धर्मांतरण गिरोहों की रोकथाम के लिये एआई का इस्तेमाल करे पुलिस : मुख्यमंत्री



## उत्तर प्रदेश का कानून-व्यवस्था मॉडल बना अन्य राज्यों के लिए मिसाल

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य का कानून-व्यवस्था मॉडल अब अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण बन गया है और इस बात पर बल दिया कि सुरक्षा की भावना व कानून के शासन ने राज्य में निवेश तथा बुनियादी ढांचे के विकास को तेजी से आगे बढ़ाया है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'पुलिस मंथन' सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमने उत्तर प्रदेश में यह दिखाया है कि (बेहतर कानून-व्यवस्था से) क्या हासिल किया जा सकता है। आज अन्य राज्यों में इसे एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। वहां का मीडिया भी कहता है कि 'यूपी मॉडल' आ गया है।

## ठंड में किसी भी गरीब को परेशानी नहीं होने देंगे



**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ठंड की वजह से लोगों को हो रही दुश्वारियों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और भीषण सर्दी में किसी भी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को परेशानी नहीं होने देने के लिये प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ ने दावा किया कि सरकार ने कंबल वितरण, रैन बसेरा और अलाव की व्यवस्था के लिए सभी जिलों को पर्याप्त धन जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर शहर में दो रैन बसेरों का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि जिला प्रशासन को रैन बसेरों में पर्याप्त बिस्तर, कम्बल, साफ-सफाई और बेसहारा लोगों के लिये भोजन समेत सभी जरूरी सुविधाएं देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड की स्थिति को देखते हुए ज़िलाधिकारियों को ज़रूरत पड़ने पर स्कूल बंद करने और छुट्टियां घोषित करने का भी अधिकार दिया गया है। साथ ही अपरिहार्य स्थितियों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस को 'अंतरराष्ट्रीय अनुदानित धर्मांतरण रैकेट' की रोकथाम के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और दूसरी आधुनिक प्रौद्योगिकी वाले साधनों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अफसरों के सम्मेलन 'पुलिस मंथन' के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं नेपाल से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से उत्पन्न हो रही आतंकवादी गतिविधियों के नए आयामों का गहन विश्लेषण करते हुए सीमा निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय अनुदानित धर्मान्तरण रैकेट' की रोकथाम के लिए एआई, तकनीकी विश्लेषण एवं आधुनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को और मजबूत करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर में छांगुर नामक व्यक्ति द्वारा बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन का रैकेट चलाने जैसी घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस एवं इंटेलिजेंस को निर्देश दिये कि धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए, सोशल मीडिया के माध्यम से इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाए और ऐसी किसी भी घटना को प्रारंभिक स्तर पर ही प्रभावी ढंग से रोका जाए।

## झारखंड में हाथी ने किसान को कुचल कर मार डाला

**सरायकेला:** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में रविवार को एक हाथी ने 50 वर्षीय किसान को कुचल कर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। तिरुलडीह पुलिस थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि यह घटना कुकरू पंचायत के अंतर्गत लेटेम्दा गांव में हुई जब गौरांग महतो उर्फ बुका अपने खलिहान में सो रहे थे और जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस कर्मियों और वन विभाग के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को 50,000 रुपये सौंपे। उन्होंने मृतक के परिवार को आश्वासन दिया कि औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने जंगली हाथियों को भगाने में उपयोग के लिए ग्रामीणों के बीच मशालें और पटाखे भी वितरित किए और उनसे अंधेरे में बाहर न निकलने की अपील की।

## झारखंड : राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री ने वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के दूसरे चरण को हरी झंडी दिखाई

**रांची:** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रांची से वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के दूसरे चरण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य आदिवासी नायक की विरासत का सम्मान करना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। 'शौर्य के कदम, क्रांति की ओर' की थीम के तहत आयोजित यह साइक्लोथॉन अगले 20 दिनों में 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करके दिल्ली पहुंचेगी। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने बिरसा मुंडा संग्रहालय स्मारक पार्क में आदिवासी नायक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की निंदा की

**लखनऊ:** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की रविवार को निंदा करते हुए मजहब के नाम पर ऐसी अमानवीय हरकतें करने वालों को इससे बाज आने की हिदायत दी। बोर्ड ने यहां आयोजित अपने वार्षिक अधिवेशन में भारत सरकार से मुस्लिम महिलाओं के हिजाब पहनने में बाधा नहीं डालने, समान नागरिक संहिता लागू करने पर पुनर्विचार करने और भीड़ द्वारा पीट कर हत्या करने (मॉब लिंचिंग) के खिलाफ सख्त कानून बनाने की भी मांग की। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सायम मेंहदी की अध्यक्षता में राजधानी लखनऊ के बड़े इमामबाड़े में आयोजित अधिवेशन में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ बांग्लादेश और नेपाल के उलेमा (धर्म गुरू) और मुस्लिम विद्वानों ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार की कड़ी निंदा की गयी और कहा गया कि इस्लाम में किसी भी बेगुनाह की हत्या की सख्त मनाही है और मजहब के नाम पर ऐसी अमानवीय हरकतें करने वालों को इससे बाज आना चाहिये।

## राजस्थान सरकार ने चिकित्सा शिक्षा में बेहतर प्रशासन के लिए 'ई-स्वास्थ्य संवाद' मंच शुरु किया

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुशासन, पारदर्शिता और समन्वय को बेहतर बनाने के लिए एक नया डिजिटल संचार मंच 'ई-स्वास्थ्य संवाद' शुरू किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा शिक्षा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में इस पहल की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी-जनित सुधारों के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण है। चिकित्सा शिक्षा प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि यह मंच चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी हितधारकों को जोड़ने वाले एक समर्पित 'डिजिटल इंटरफेस' के रूप में कार्य करेगा, जिससे त्वरित निर्णय लेने और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल ने कहा कि 'ई-स्वास्थ्य संवाद' हर सप्ताह में दो बार (मंगलवार और बृहस्पतिवार) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

## एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी का भी नाम नहीं काटा गया : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



**बदायूं:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को दावा किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में किसी एक का भी नाम नहीं काटा गया। रविवार को बदायूं पहुंचे उपमुख्यमंत्री पाठक ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 66वें ब्रज प्रांत अधिवेशन में हिस्सा लिया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के लोग संसद और विधानसभा में वंदेमातरम का विरोध करते हैं तथा वंदेमातरम गाने पर उनके होंठ सिल जाते हैं। पाठक ने कहा कि उन्होंने सत्र के दौरान इस बात को मजबूती के साथ सदन में रखा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश विरोधी ताकतें अगर उभरने का प्रयास करें तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की यह जिम्मेदारी बनती है कि उन ताकतों को उभरने से रोके। उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा एसआईआर के दौरान किसी का भी नाम नहीं काटा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मतदाता सूची में मृतकों के नाम या जिसका अता-पता नहीं है, उसके नाम शामिल होना चाहिये? पाठक ने कहा कि यह पहली बार नहीं हो रहा है, इससे पहले भी ऐसे नाम को हटाया गया है और विपक्ष के पेट में सिर्फ इसलिए दर्द हो रहा है कि वह बुरी तरीके से बिहार का चुनाव हारे हैं।

## कानूनी पेशे को सफलता का शॉर्टकट न मानें, अभ्यास करने वालों को मिलता है ईनाम: सीजेआई



**चंडीगढ़:** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि कानूनी पेशे में उन लोगों को ईनाम मिलता है जो इसे सफलता का शॉर्टकट नहीं, बल्कि एक ऐसी कला मानते हैं, जिसे सावधानीपूर्वक सीखकर ईमानदारी के साथ अभ्यास करना होता है। उन्होंने कहा कि कानून कोई तेज दौड़ नहीं है बल्कि एक लंबी और सोच-समझकर तय की जाने वाली यात्रा है। सीजेआई डॉ. बी.आर. आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा वकील ऐसे समय में इस पेशे में प्रवेश कर रहे हैं जब इसकी प्रासंगिकता पर कोई सवाल नहीं है, लेकिन तकनीकी बदलाव, आर्थिक जटिलताओं, अधिकारों के बढ़ते विमर्श और कड़ी सार्वजनिक निगरानी के कारण इसकी अपेक्षाएं काफी अधिक हैं। उन्होंने कहा कि वकीलों से केवल प्रभावी ढंग से बहस करने की ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के साथ सलाह देने की भी अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा, इस पेशे में युवाओं से केवल अनुकूलन की नहीं, बल्कि मानकों को ऊंचा रखने की उम्मीद की जाती है। इसमें आपसे अपेक्षा की जाती है कि जहां विश्वास कमजोर पड़ा है वहां उसे बहाल करें, सिद्धांतों को नुकसान पहुंचाए बिना नया दृष्टिकोण अपनाएं और क्षमता तथा अंतरात्मा दोनों के साथ कानून का अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि यह अपेक्षा कोई बोझ नहीं, बल्कि आप पर जताया गया विश्वास होता है। सीजेआई ने कहा, कानून उन लोगों को पुरस्कृत करता है जो इसे सफलता का शॉर्टकट नहीं, बल्कि एक ऐसी कला मानते हैं जिसे सावधानीपूर्वक सीखकर ईमानदारी के साथ अभ्यास करना होता है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में दवाइयों और परीक्षणों की निगरानी का निर्देश दिया




**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सरकारी अस्पतालों में दवाओं और परीक्षण सेवाओं की उपलब्धता की कड़ी एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करें ताकि लोगों को समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। यहां मुख्यमंत्री आवास पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रदाय को मजबूत करने और विभागीय योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने 108 एम्बुलेंस सेवा, 104 जननी एक्सप्रेस और ममता एक्सप्रेस समेत आपातकालीन और प्रसूति संबंधी सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए भी निर्देश जारी किए ताकि मरीजों को शीघ्र चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के तहत लाभों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस मामले में मुख्य आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र के जालना जिले की पुलिस ने साइबर पुलिस के साथ मिलकर फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगने, फर्जी 'लर्निंग ड्राइविंग' लाइसेंस जारी करने और सरकारी कंप्यूटर सिस्टम तक अवैध रूप से पहुंच हासिल करने वाले गिरोह के कथित सरगना को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान बिहार के सहरसा जिले के रहने वाले बिद्दराज प्रमोद यादव (24) के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर से फैसल बशीर मीर और जालना से मुजाहिद उर्फ डॉन रईसुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया था। सहायक मोटर वाहन निरीक्षक और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) की शिकायत के आधार पर 26 नवंबर को जालना थाने में मामला दर्ज किया गया था। ि

## तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू



**रांची/जमशेदपुर:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचीं। इस दौरान वह जमशेदपुर, गुमला और रांची में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उनकी अगवानी की। मुर्मू कड़ी सुरक्षा के बीच लोक भवन पहुंचीं, जहां वह रात में ठहरेंगी। राष्ट्रपति सोमवार को संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगी और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। अखिल भारतीय संताली लेखक संघ के महासचिव रवींद्र मुर्मू ने कहा, 'वह ओल चिकी लिपि के निर्माता पंडित रघुनाथ मुर्मू को उनकी आवक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।' उन्होंने बताया कि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद तथा पद्मश्री से सम्मानित कालीपद सोरेन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद राष्ट्रपति एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति रात विश्राम के लिए रांची स्थित 'लोक भवन' लौटेंगी।

## यूपी में एसआईआर के बाद मतदाता सूची से कटे दो करोड़ 89 लाख नाम, दोबारा मिलेगा मौका : अधिकारी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में लगभग 12.55 करोड़ मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की 31 दिसंबर को संभावित मसौदा सूची में शामिल किये जाएंगे। जो मतदाता छूट गये हैं उन्हें नए साल से एसआईआर के अगले चरण में दोबारा शामिल होने का मौका दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में चार नवंबर को शुरू हुई एसआईआर की कवायद में लगभग दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम कटे हैं। उन्हें नाम शामिल कराने के लिये फार्म संख्या छह जमा करना होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इन 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार मतदाताओं में से जो मसौदा सूची में शामिल हुए हैं, उनमें से एक करोड़ से अधिक 'अनमैप्ड' श्रेणी में हैं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे ताकि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 दस्तावेजों की सूची में से किसी एक को जमा करें, ताकि उन्हें 'मैप्ड' श्रेणी में शामिल किया जा सके। उत्तर प्रदेश में लगभग 52 दिन तक संचालित एसआईआर के पहले चरण की अवधि दो बार बढ़ाए जाने के बाद 26 दिसंबर को समाप्त हुई। रिणवा ने बताया, 'निर्वाचन आयोग एक जनवरी से अब एक महीने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इस दौरान दो करोड़ 88 लाख 75 हजार नाम अलग-अलग कारणों से मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। जो लोग दोबारा नाम जुड़वाना चाहते हैं, वे फॉर्म संख्या छह भरकर दोबारा आवेदन कर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि पूर्व में मतदाता सूची में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता थे। इनमें से दो करोड़ 88 लाख 75 हजार नाम हटाये गये हैं। रिणवा ने बताया कि ज्यादातर नाम लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज और कानपुर जैसे बड़े शहरों में हटाए गए हैं। ज्यादातर ऐसे मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं जिनकी या तो मृत्यु हो चुकी है या फिर जो स्थायी रूप से दूसरे स्थानों पर बस चुके हैं।

## न्यूज अपडेट

### समाजवादी पार्टी का 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में होगा सफाया : मौर्य



**सहारनपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को दावा किया कि 2027 के राज्य विधानसभा चुनाव में अपराधियों और माफियाओं को बचाने वाली समाजवादी पार्टी (सपा) का सफाया हो जाएगा। मौर्य ने सहारनपुर में पूर्व सांसद और विधायक मुल्की राज सैनी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद दावा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सपा हमेशा अपराधियों और माफिया तत्वों को संरक्षण देती रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी सहारनपुर से लेकर सोनभद्र और गाजियाबाद से गाजीपुर तक साफ हो जाएगी। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मौर्य ने कहा कि 140 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी अब कमजोर हो गई है। कांग्रेस ने पहले वंदे मातरम् को बांटा और फिर देश को बांटा। कांग्रेस का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है। वह बिना किसी मुद्दे वाली पार्टी है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने से रोकने के लिए (2024 के लोकसभा चुनावों में) कांग्रेस ने गलत जानकारी और तरह-तरह की अफवाहें फैलाईं कि संविधान खत्म हो जाएगा और आरक्षण खत्म हो जाएगा, लेकिन देश की जनता ने तीसरी बार नरेन्द्र मोदी की सरकार को चुना।

### झारखंड के सात जिलों में शीत लहर के लिए 'येलो' अलर्ट



**रांची:** झारखंड के सात जिलों के लिए रविवार को शीत लहर की स्थिति के संबंध में 'येलो' अलर्ट जारी किया गया जिससे राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। रांची के पास कांके 2.5 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। आईएमडी बुलेटिन के अनुसार, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, रांची, रामगढ़ और बोकारो के लिए शीत लहर की स्थिति के लिए 'येलो' अलर्ट (सावधान रहें) जारी किया गया है। इन जिलों में सोमवार सुबह 8.30 बजे तक ठंड की स्थिति बनी रहने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, झारखंड के निचले क्षोभमंडल स्तर में चल रही पश्चिमी हवाएं शीत लहर की स्थिति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है और उसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। आईएमडी अधिकारी ने कहा कि राज्य के 13 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। आईएमडी बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटों में गुमला में 2.9 डिग्री सेल्सियस और लोहरदगा में 3.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि खूंटी में तापमान का स्तर गिरकर चार डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

### यूपी में भीषण ठंड के मद्देनजर 12वीं तक के सभी स्कूल एक जनवरी तक बंद करने के आदेश

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण ठंड के मद्देनजर रविवार को राज्य के 12वीं तक के सभी स्कूल आगामी एक जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिये। राज्य सरकार द्वारा एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने आईसीएसई, सीबीएसई और यूपी बोर्ड समेत सभी शिक्षा परिषदों के 12वीं तक के स्कूलों को भीषण सर्दी के कारण आगामी एक जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि शीतलहर के दौरान बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शासन और प्रशासन के आला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं क्षेत्रों में जाकर जमीनी हकीकत का जायजा लें। उन्होंने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए हर जिले के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव और कंबलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ठंड की वजह से लोगों को हो रही दुश्वारियों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और भीषण सर्दी में किसी भी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को परेशानी नहीं होने देने के लिये प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ ने दावा किया कि सरकार ने कंबल वितरण, रैन बसेरा और अलाव की व्यवस्था के लिए सभी जिलों को पर्याप्त धन जारी कर दिया गया है।

## बिहार: तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया



**पटना:** मुंगेर जिले में रविवार को बिहार के डीजीपी विनय कुमार के समक्ष तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से दो पर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम था। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के जोनल कमांडर नारायण कोड़ा और सब-जोनल कमांडर बहादुर कोड़ा (दोनों पर कुल छह लाख रुपये का इनाम था) और एक अन्य माओवादी विनोद उर्फ बिनो कोड़ा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, माओवादियों ने दो 5.56 मिमी इंसास राइफल, चार एसएलआर राइफल, 503 कारतूस, बम डेटोनेटर और अन्य सामान सौंपे।

## प्यार में पड़ कर पाकिस्तान की जेल में पहुंचे युवक के वापस लौटने की उम्मीद जगी : परिवार

**अलीगढ़ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के एक युवक की सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की एक लड़की से हुयी मोहब्बत के बाद वह उससे मिलने पिछले साल पड़ोसी देश चला गया था, जहां अवैध रूप से घुसने के आरोप में उसे जेल में बंद कर दिया गया था, और अब जल्दी ही उसके वतन वापसी की उम्मीद जगी है। उसके परिवार ने रविवार को इसकी जानकारी दी। परिवार के लोगों ने बताया कि अलीगढ़ के बरला थाना क्षेत्र के खितकारी गांव का रहने वाला बादल बाबू (20) वर्ष 2024 की गर्मियों में काम की तलाश में दिल्ली जाने के लिये घर से निकला। हालांकि, पिछले ही साल सितंबर में वह लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों बाद बादल के पिता किरपाल सिंह को किसी ने फोन पर बताया कि बादल पाकिस्तान में दाखिल हो गया था, और उसे पकड़कर पाकिस्तान के मंडी बहाउद्दीन शहर की जेल में बंद कर दिया गया है। परिजन के अनुसार बादल फेसबुक के जरिये एक पाकिस्तानी महिला सना रानी के संपर्क में आया था। उन्होंने बताया कि कुछ ही दिनों में दोनों के बीच की यह दोस्ती इश्क में बदल गयी और बादल सीमा पार कर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उस महिला के गांव पहुंच गया। उन्होंने बताया कि दो दिनों के भीतर ही महिला और उसकी मां ने गंभीर नतीजों के डर से उसे वापस भारत लौटने के लिए मना लिया। उन्होंने बताया कि बादल उनके घर से निकल गया लेकिन वापस नहीं लौटा और वहां उसने मजदूरी करना शुरू कर दिया। परिजनों ने बताया कि बाद में उसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शुरू में उस पर जासूसी का आरोप लगाया गया लेकिन जांच में जासूसी की बात सामने नहीं आने पर उस पर अवैध रूप से पाकिस्तान में घुसने का आरोप लगाया गया और उसे एक साल जेल की सजा सुनायी गयी। बादल के पिता किरपाल सिंह ने बताया कि परिवार ने अलीगढ़ जिले अधिकारियों की मदद से पाकिस्तान में एक वकील किया।

## नव वर्ष से पहले प्रमुख मंदिर नगरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी



**मथुरा/अयोध्या/वाराणसी (उप्र):** जैसे-जैसे नया साल नजदीक आ रहा है, देश भर से श्रद्धालु 2026 का स्वागत प्रार्थनाओं के साथ करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रमुख मंदिर नगरों में उमड़ने लगे हैं, जिसके चलते अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने पड़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि मथुरा-वृंदावन से लेकर अयोध्या और वाराणसी तक, पुलिस और मंदिर प्रशासन हाई अलर्ट पर हैं। नव वर्ष की पूर्व संध्या और उसके बाद के सप्ताहांत में लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। भीषण ठंड और घने कोहरे के बावजूद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। नव वर्ष से पहले श्रद्धालु राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक (शहर) सी.पी. त्रिपाठी ने कहा, गहन जांच, क्षेत्र निर्धारण और गश्त बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि एक जनवरी 2026 तक के सभी वीआईपी पास पहले ही बुक हो चुके हैं, और उन्होंने कहा कि भीड़ बढ़ने के बावजूद दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम में भी शीतकालीन छुट्टियों और नए साल के आगमन के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। उप जिलाधिकारी शंभू शरण ने कहा, शनिवार रात तक चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उन्होंने बताया कि बैरिकेडिंग कर दी गई है और केवल कतार के आधार पर 'झांकी दर्शन' की अनुमति दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्रोटोकॉल और 'स्पर्श दर्शन' 24 दिसंबर से निलंबित कर दिए गए हैं और सुरक्षा के वैसे इंतजाम किए गए हैं जैसे श्रावण और महाकुंभ के दौरान किए जाते हैं। मथुरा में नव वर्ष के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए तैयारियां चल रही हैं, जिसके चलते पुलिस और नागरिक अधिकारियों ने यातायात प्रतिबंध और भीड़ नियंत्रण के उपाय लागू किए हैं। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और ई-रिक्शा को केवल उनके निर्धारित मार्गों पर ही चलने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या और उसके बाद के सप्ताहांत में सबसे अधिक भीड़ होने की संभावना है, इसलिए उस दौरान केवल सीमित संख्या में छोटे वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। कुमार ने बताया कि 7000 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, अस्पतालों का उन्नयन किया गया है और दर्शन की सुविधा के लिए खास व्यवस्था की गई हैं। श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में ठाकुर जी की बाल अवस्था में पूजा की जाती है, इसलिए मंदिर की पूजा-अर्चना में विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि उनको कोई कष्ट न हो। उन्होंने बताया कि ठाकुर जी को खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी नवंबर में गिरकर 63.6 प्रतिशत पर आई

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी नवंबर में घटकर 63.6 प्रतिशत रह गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इंडिगो को इस महीने की शुरुआत में बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधानों का सामना करना पड़ा था। एअर इंडिया समूह और स्पाइसजेट की बाजार में हिस्सेदारी नवंबर में क्रमशः 26.7 प्रतिशत और 3.7 प्रतिशत बढ़ गई। अक्टूबर में ये आंकड़े क्रमशः 25.7 प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत थे। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अकासा एअर का घरेलू बाजार हिस्सा अक्टूबर के 5.2 प्रतिशत से घटकर नवंबर में 4.7 प्रतिशत रह गया। इंडिगो अभी भी 63.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन बनी हुई है, जिसकी अक्टूबर में हिस्सेदारी 65.6 प्रतिशत थी।

### ब्रिटेन में एक भारतीय व्यक्ति ने रेस्तरां प्रबंधक के खिलाफ नस्ली भेदभाव का मुकदमा जीता

**लंदन :** ब्रिटेन के एक न्यायाधिकरण ने दक्षिण-पूर्वी लंदन में एक मशहूर कंपनी के फ्रेंचाइजी आउटलेट में अपने प्रबंधक पर गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव का आरोप लगाने वाले एक भारतीय व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया और मुआवजे के रूप में लगभग 67,000 पाउंड देने का आदेश दिया। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले मधेश रविचंद्रन ने रोजगार न्यायाधिकरण की सुनवाई में बताया कि उनके श्रीलंकाई तमिल प्रबंधक ने उनके साथ भेदभाव किया और उनके लिए ''गुलाम'' और ''भारतीय धोखेबाज हैं'' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इस सप्ताह हुई सुनवाई के विवरण के अनुसार, न्यायाधिकरण के न्यायाधीश पॉल एबॉट ने रविचंद्रन के गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव के दावे को सही ठहराया। जनवरी 2023 में, रेस्तरां प्रबंधक काजन के साथ साक्षात्कार के बाद रविचंद्रन ने वेस्ट विकहम स्थित आउटलेट में काम शुरू किया। काजन को उन्हें सीधे रिपोर्ट करना था।

### कट्टरपंथ से उपजे खतरों को लेकर और अधिक सतर्क होने की आवश्यकता: केंद्रीय गृह सचिव

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कहा कि देश को कट्टरपंथ और युवाओं का शोषण कर उन्हें हिंसक कृत्य करने के लिए उकसाने से उत्पन्न हो रहे विभिन्न खतरों के प्रति और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने 27 दिसंबर को दो दिवसीय 'आतंकवाद रोधी सम्मेलन-2025' के समापन के अवसर पर यह टिप्पणी की, जिसमें भारत की आतंकवाद रोधी क्षमता को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इस सम्मेलन में एक मॉडल आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य समन्वय को बढ़ाना और समय रहते सूचना का निर्बाध आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सम्मेलन का आयोजन किया था। मोहन ने देश को सामने आ रहे विभिन्न खतरों, विशेष रूप से कट्टरपंथ, कट्टरपंथी संगठनों में भर्ती और हिंसक कृत्य करने के लिए संवेदनशील युवाओं का शोषण करने से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# फ्रांस में मिली बौद्ध स्तूपों वाली तस्वीर कश्मीर के गौरवशाली अतीत को पेश करती है : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि फ्रांस में मिली बारामूला के तीन बौद्ध स्तूपों की एक पुरानी, धुंधली तस्वीर से कश्मीर के लगभग दो हजार साल पुराने गौरवशाली अतीत का पता चलता है। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जम्मू-कश्मीर में मानव निर्मित बड़ी संरचनाओं का पता चला है, एक ऐसा घटनाक्रम जो इसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संबंध में ''आपको गर्व से भर देगा।'' उन्होंने कहा कि कई वर्षों से लोग बारामूला के जेहनपोरा में कुछ ऊंचे टीले देखते आ रहे थे। मोदी ने कहा कि किसी को नहीं पता था कि ये साधारण से टीले क्या हैं, फिर एक दिन पुरातत्वविदों की नजर इन पर पड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुरातत्वविदों ने इलाके का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करना शुरू किया और ये टीले कुछ असामान्य प्रतीत हुए। उन्होंने कहा कि इसके बाद इन टीलों का वैज्ञानिक अध्ययन शुरू किया गया, ड्रोन के जरिए ऊपर से तस्वीरें ली गईं और जमीन की 'मैपिंग' की गई। मोदी ने कहा, ''और फिर कुछ हैरान करने वाली बातें सामने आने लगीं। पता चला ये टीले प्राकृतिक नहीं हैं। ये इंसान द्वारा बनाई गई किसी बड़ी इमारत के अवशेष हैं।'' उन्होंने कहा कि इसी दौरान एक और दिलचस्प कड़ी जुड़ी कि कश्मीर से हजारों किलोमीटर दूर, फ्रांस के एक संग्रहालय में एक पुराना, धुंधला सा चित्र मिला।

### प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को एंटीबायोटिक प्रतिरोध के मुद्दे को उठाते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे डॉक्टर से परामर्श किए बिना ऐसी दवाएं न लें। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कहा गया है कि निमोनिया और यूटीआई जैसी कई बीमारियों के खिलाफ एंटीबायोटिक अप्रभावी साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा, ''यह हम सभी के लिए बहुत चिंता का विषय है।''

### कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, भारत की आत्मा की आवाज है : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के रविवार को 140वें स्थापना दिवस पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश के साथ खड़ी रही है। उन्होंने यहां पार्टी के मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित 140वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संकल्प है कि नफरत, अन्याय और तानाशाही के खिलाफ सत्य, साहस और संविधान की रक्षा की लड़ाई और अधिक मज़बूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा, आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हर कांग्रेसजन को हार्दिक शुभकामनाएं। हम उस ऐतिहासिक विरासत और उन महान बलिदानियों को नमन करते हैं, जिन्होंने भारत को आज़ादी दिलाई, संविधान की नींव रखी और लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समानता के मूल्यों को मजबूत किया।

## गौरक्षकों ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसंधुरा राजे का काफिला रोका



**कोटा (राजस्थान) :** मृत गायों और बछड़ों के अनुचित निपटान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कोटा-उदयपुर राजमार्ग पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का काफिला रोक दिया। एक अधिकारी के अनुसार झालावाड़ से जयपुर जा रहे राजे के काफिले को 'हैंगिंग ब्रिज' पर लगभग 20 मिनट के लिए रोका गया, जिससे राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को इस मुद्दे को हल करने का निर्देश दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ता और गौरक्षकों ने रविवार को शहर में मृत गायों के सम्मानजनक निपटान की मांग करते हुए मार्च निकाला। उनका आरोप था कि कोटा नगर निगम (केएमसी) के ठेकेदार मृत गायों को बांधधर्मपुरा के खुले इलाके में फेंक रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने लगभग 20 मिनट तक राजमार्ग पर जाम लगाया, हालांकि बाद में यातायात सामान्य हो गया। इस बीच, डीएसपी ने बताया कि जाम लगाने के मामले में जांच की जा रही है। बजरंग दल के योगेश रैनवाल ने कहा, मृत गायों के निपटान में लापरवाही से नाराज गौरक्षकों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को जब यह जानकारी मिली कि राजे का काफिला इस रास्ते से गुजरने वाला है, तो उन्होंने मार्च निकाला। रैनवाल ने आरोप लगाया कि केएमसी के ठेकेदार मृत गायों को खुले में फेंक देते हैं।

## दिल्ली में एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में, सोमवार को घने कोहरे का मौसम विभाग का अलर्ट



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई और समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 390 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से यह जानकारी मिली। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बहुत घने कोहरे का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। साथ में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 22 और सात डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। सीपीसीबी की 'समीर' ऐप पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के 19 निगरानी केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया है, जिसमें आनंद विहार में एक्यूआई सबसे ज्यादा 457 दर्ज किया गया है, जबकि शेष केंद्रों में वायु गुणवत्ता का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। सीपीसीबी मानकों के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

## विकास की सबसे मजबूत नींव है शिक्षा: केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण



**नरसापुरम :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा विकास की सबसे मजबूत नींव है और उन्होंने विद्यार्थियों से सीखने, आत्म-सुधार व रचनात्मक सोच पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने पश्चिम गोदावरी जिले के पेडा मैनवानी लंका गांव स्थित जिला परिषद हाई स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्तियों और समाजों को सशक्त बनाती है। केंद्रीय मंत्री ने यूनियन बैंक के सहयोग से उपलब्ध कराए गए 18 लाख रुपये के कंप्यूटर, विज्ञान प्रयोगशाला और अन्य अवसंरचना सुविधाओं का उद्घाटन किया। सीतारमण ने तटीय क्षेत्र के युवाओं को आत्मविश्वास के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें शिक्षा व क्षेत्रीय विकास के लिए सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को लगन से पढ़ाई करने की सलाह देते हुए उनसे राष्ट्र और राज्य की सेवा के लिए स्वयं को तैयार करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री के ग्राम विकास संबंधी विजन का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि गांव में जारी पीएम विश्वकर्मा योजना प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने पेड़ा मैनवानी लंका और अन्य गांवों के साथ लंबे समय से जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि स्थानीय महिलाओं के सशक्त सहयोग से विकास गतिविधियां निरंतर प्रगति कर रही हैं। उन्होंने कौशल विकास योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत युवाओं को 13 व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया गया, जिससे कई युवाओं को हैदराबाद और श्री सिटी में रोजगार प्राप्त करने में मदद मिली है।

## प्रधानमंत्री ने राज्यों से विनिर्माण और व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने का आह्वान किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सेवा क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए रविवार को राज्यों से विनिर्माण को बढ़ावा देने और सेवा क्षेत्र को मजबूत बनाने समेत विभिन्न आह्वान किए। प्रमुख सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत के पास दुनिया का खाद्य भंडार बनने की क्षमता है और देश को उच्च मूल्य वाली कृषि, बागवानी, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन की दिशा में बढ़ना चाहिए ताकि यह एक प्रमुख खाद्य निर्यातक बन सके। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है जब भारत अगली पीढ़ी के सुधारों को देख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है और इसका प्राथमिक इंजन देश के युवा और विभिन्न आयुवर्ग की जनसंख्या है। यही कारण है कि सरकार का यह प्रयास है कि इस जनसंख्या को सशक्त किया जाए। मोदी ने 'एक्स' पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, राज्यों से विनिर्माण और व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने और सेवा क्षेत्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया। आइए हम भारत को एक वैश्विक सेवा महाशक्ति बनाने का लक्ष्य रखें। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 26 दिसंबर को शुरू हुआ जिसका विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' है। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस बारे में अपने विचार साझा किए कि केंद्र और राज्य मिलकर भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने, गरीबों को सशक्त करने और 'विकसित भारत' का सपना साकार करने के लिए किस तरह से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''शासन में गुणवत्ता के महत्व पर बात की। शासन में गुणवत्ता, सेवाओं की उपलब्धता में गुणवत्ता, और निर्माण में गुणवत्ता।'' मोदी ने कहा कि उन्होंने शासन और सेवा वितरण के मामलों में एक नयी कार्य संस्कृति स्थापित करने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला।

## प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत: नितिन नवीन



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से दैनिक जीवन और कार्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में बताए गए 'मंत्र' का पालन करने का रविवार को आग्रह किया। नवीन ने प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम सुना। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मासिक रेडियो कार्यक्रम एक गैर-राजनीतिक मंच है जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री देश के सामने आम लोगों की प्रेरक कहानियों और योगदान को प्रस्तुत करते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि यह समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है, और इस बात का समर्थन किया कि हर किसी को इसे सुनना चाहिए। बयान में यह भी कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नवीन ने रविवार को दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित सिंधु समाज में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 129वीं कड़ी को सुना। इसमें कहा गया है, नवीन ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से साझा किए गए विचारों, मंत्रों और प्रेरणा को केवल सुनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने जीवन और कार्यक्षेत्र में अपनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। बयान के मुताबिक, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों को याद दिलाता है कि राष्ट्र की सेवा में समर्पण और ईमानदारी सबसे बड़े मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। इसी बीच, भाजपा किसान मोर्चा ने कहा कि उसने पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम को सुनने और उनके दृष्टिकोण से प्रेरणा लेने के लिए देशव्यापी टिफिन मीटिंग का आयोजन किया।

## उन्नाव बलात्कार पीड़िता और परिवार ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया




**नयी दिल्ली :** उन्नाव के 2017 के दुष्कर्म मामले की पीड़िता, उसके परिवार और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा निलंबित किए जाने के खिलाफ रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों से सख्त जवाबदेही की मांग करते हुए, विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद पीड़िता ने कहा कि उनके परिवार को और सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से हमें सुरक्षा देने का अनुरोध कर रही हूं। ये लोग शक्तिशाली हैं। कृपया अपनी बेटी को बचाएं। मेरे पति को नौकरी से निकाल दिया गया था। हम बेरोजगार हैं, हम कहां जाएंगे? प्रदर्शनकारियों ने दोषी के प्रति दिखाई गई कथित अनुचित नरमी के खिलाफ नारे लगाए और तर्क दिया कि अब तक की गई कार्रवाई सार्वजनिक उम्मीदों से कम रही है।

## पिता की डांट से आहत युवक ने चौथी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**सूरत :** गुजरात के सूरत में 23 वर्षीय एक युवक ने अपने पिता की डांट के बाद कथित रूप से चौथी मंजिल पर स्थित अपने घर से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात शहर के रामपुरा इलाके में स्थित हमद पार्क आवासीय सोसायटी में घटी। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद दानिश मोतियानी अपने पिता को 'हीरे की पॉलिशिंग' में मदद करता था और कभी-कभी ऑटो रिक्शा चालक के रूप में भी काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि मोतियानी का अपने पिता से झगड़ा हुआ था, जिन्होंने उसे घर से बाहर ज्यादा समय बिताने के लिए डांटा था। इसके बाद मोतियानी चौथी मंजिल से कूद गया और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। मोतियानी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लालगेट पुलिस थाने के निरीक्षक आर एम ठाकुर ने बताया कि आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## संपत्ति दिलाने के नाम पर 12 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम के डीएलएफ कैमेलियास में ऐसी संपत्ति बेचने के नाम पर 12 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इन गिरफ्तारियों से एक संगठित प्रॉपर्टी धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है जो पीड़ितों को ठगने के लिए फर्जी बैंक नीलामी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। एक बयान में पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा ने भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर इस रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस अपराध शाखा उपायुक्त आदित्य गौतम ने बयान में कहा, यह सिंडिकेट एक ही तरह के तरीके अपनाकर-जैसे फर्जी बिक्री प्रमाण पत्र, नकली नीलामी दस्तावेज और बैंकों द्वारा नीलाम की गई प्रीमियम संपत्तियों पर तुरंत कब्जा दिलाने का झूठा दावा करके कई राज्यों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुका है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कथित सरगना मोहित गोगिया और उसके चार सहयोगी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि राम सिंह उर्फ 'बाबाजी' समेत अन्य साजिशकर्ताओं की तलाश जारी है।

## इसरो का लक्ष्य श्रीहरिकोटा में चार साल के भीतर तीसरा प्रक्षेपण पैड विकसित करना है : वैज्ञानिक

**चेन्नई :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र पर तीसरा प्रक्षेपण पैड विकसित करने की प्रक्रिया में है और वर्तमान में इसके लिए उपयुक्त कंपनियों की तलाश की जा रही है। यह जानकारी एक शीर्ष वैज्ञानिक ने दी है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित श्रीहरिकोटा परिसर 175 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी को विभिन्न प्रक्षेपण यानों के जरिये उपग्रहों को कक्षा में पहुंचाने की सेवा मुहैया कराता रहा है। श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक और प्रख्यात वैज्ञानिक पद्मकुमार ईएस ने कहा कि अंतरिक्ष में विभिन्न कक्षाओं में 12,000-14,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले बड़े उपग्रहों को स्थापित करने की योजना पर आगे बढ़ने के लिए इसरो को बड़े प्रक्षेपण यानों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इसरो तीसरे प्रक्षेपण पैड की योजना बना रहा है। पद्मकुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से हालिया बातचीत में कहा, ''हमारी योजना चार साल में तीसरा 'लॉन्च पैड' स्थापित कर संचालित करने की है। इसके लिए प्रक्रिया जारी है।'' उन्होंने कहा, ''हम खरीद प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं और इस विशाल परियोजना के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए उपयुक्त कंपनियों की पहचान कर रहे हैं।'' पद्मकुमार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि एक बार तीसरा प्रक्षेपण पैड चालू हो जाने के बाद, इसका उपयोग 14,000 किलोग्राम से अधिक वजन के उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए किया जाएगा, जिन्हें अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यानों (एनजीएलवी) द्वारा कक्षा में ले जाया जाएगा। इसरो ने 24 दिसंबर को लगभग 6,000 किलोग्राम वजनी अमेरिकी उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को एलवीएम3-एम6 रॉकेट के जरिये पृथ्वी की निम्न कक्षा में स्थापित किया था। इसके साथ ही अंतरिक्ष एजेंसी ने पहली बार भारतीय धरती से इतने अधिक वजन का उपग्रह कक्षा में भेजा था।

## सिक्किम में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी, एक दिन में 6,000 से अधिक लोग नाथूला-त्सोमगो पहुंचे

**गंगटोक :** सिक्किम में सर्दियों के मौसम के दौरान पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है और कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल लगभग अपनी पूरी क्षमता तक पर्यटकों से भरे हुए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर सिक्किम के प्रमुख पर्यटन स्थल लाचुंग में होटल और होमस्टे पूरी तरह बुक हैं, जबकि लाचेन और गुरुडोंगमार झील इस वर्ष जून से पर्यटकों के लिए बंद हैं। पूर्वी सिक्किम में त्सोमगो झील, नाथुला दर्रा और जुलुक जैसे स्थलों पर 22 दिसंबर के बाद भारी भीड़ देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 28 दिसंबर को त्सोमगो, बाबा मंदिर और नाथूला पास में कुल 1,516 पर्यटक वाहन पहुंचे। उसी दिन नाथूला पास की यात्रा करने वाले कुल पर्यटकों की संख्या 6,080 थी, जिसमें घरेलू और विदेशी पर्यटक शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल इसी सर्दियों के मौसम में यह संख्या लगभग 5,000 थी। घरेलू पर्यटकों में 3,418 पुरुष, 1,621 महिलाएं और 874 बच्चे शामिल थे। विदेशी पर्यटकों में 20 पुरुष, 21 महिलाएं और 26 बच्चे थे। पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पिछले साल की तुलना में मोटरसाइकिल से यात्रा करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई हुई है, जिससे सिक्किम में मोटरसाइकिलों की कमी हो गई है।

# अगर आप लोगों की पसंद का विरोध करेंगे, तो वोट कैसे मिलेंगे : अमित शाह ने राहुल गांधी से कहा



**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर कोई पार्टी लोगों को पसंद आने वाली हर चीज का विरोध करती है, तो उसे वोट नहीं मिलेंगे। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि राहुल गांधी को यह ''सरल तर्क'' समझाना उनकी क्षमता से परे है, क्योंकि कांग्रेस के नेता भी इसे समझाने में विफल रहे हैं। शाह अहमदाबाद शहर के पास एक गांव में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, ''हाल ही में लोकसभा में हुई बहस के दौरान, (विपक्ष के नेता) राहुल गांधी ने मुझसे एक अजीब सवाल पूछा : 'चुनाव में हर बार सिर्फ उनकी पार्टी ही क्यों हारती है?' उन्होंने लोगों से पूछने के बजाय मुझसे पूछा। राहुल बाबा, अगर आप मेरे द्वारा शुरू की गई इन दो पहल को समझेंगे, तो आपको इसका जवाब मिल जाएगा।'' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि राहुल गांधी को ''हार से थकना नहीं चाहिए'' क्योंकि ''कांग्रेस आगामी तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में निश्चित रूप से हारेगी।'' उन्होंने दावा किया कि 2029 के लोकसभा चुनावों में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विजयी होगी। शाह ने कहा, ''हमारी सफलता का कारण यह है कि लोग हमारे सिद्धांतों से जुड़े हुए हैं। कांग्रेस ने राम मंदिर, आतंकवादियों पर सर्जिकल स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 को हटाने, समान नागरिक संहिता, तीन तलाक विरोधी अधिनियम और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के हमारे अभियान का विरोध किया था।'' उन्होंने कहा, ''अब बताइए, अगर आप लोगों की पसंद का विरोध करेंगे तो आपको वोट कैसे मिलेंगे? लेकिन राहुल बाबा को यह सरल तर्क समझाना मेरी क्षमता से परे है, क्योंकि कांग्रेस के नेता भी ऐसा करने में असफल रहे हैं।'' नवी वंजार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शाह ने 173 निवासियों को सनद (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) सौंपे।

### मलेरिया के मामलों में 97 प्रतिशत की गिरावट, देश शीघ्र ही इस बीमारी से मुक्त होगा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत में मलेरिया के मामलों में 97 प्रतिशत की कमी आयी है और देश 'बहुत जल्द' ही इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। शाह अहमदाबाद के शेला में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए)' के 'ऑल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस - आईएमए नेटकॉन 2025' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत और मिशन इंद्रधनुष जैसी विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की बदौलत मलेरिया के मामलों में 97 प्रतिशत की कमी आई है और हम जल्द ही मलेरिया से लगभग मुक्त हो जाएंगे। सरकार डेंगू से होने वाली मृत्यु की दर को घटाकर मात्र एक प्रतिशत तक लाने में सफल रही है। मातृ मृत्यु दर में 25 प्रतिशत की कमी आई है।'' शाह ने कहा, ''केंद्र का स्वास्थ्य बजट वर्ष 2014 के 37,000 करोड़ रुपये से बढ़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में अब 1.28 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ये सभी उपलब्धियां तभी हासिल होती हैं जब योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा जाता है। नागरिकों के स्वास्थ्य में अभूतपूर्व बदलाव लाने के लिए भी काम किया गया है।'' उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास का इस बुनियादी ढांचे और योजना से मिलान होना चाहिए। शाह ने कहा कि चिकित्सकों एवं आईएमए की भूमिका आज और भी महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत की दिशादृष्टि को साकार करने के लिए देश को एक 'स्वस्थ जनसांख्यिकी' की आवश्यकता है।

## दिग्विजय सिंह के विचारों का शशि थरूर ने किया समर्थन, कहा- संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित पार्टी के 140वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान शशि थरूर ने अपने पार्टी सहयोगी दिग्विजय सिंह के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान थरूर, पार्टी के इंदिरा भवन मुख्यालय में दिग्विजय सिंह के बगल में बैठे थे। दिग्विजय सिंह ने शनिवार को उस समय राजनीतिक हलचल मचा दी थी, जब उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संगठनात्मक ताकत की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए कहा था कि किस तरह एक जमीनी कार्यकर्ता अपने नेताओं के चरणों में बैठकर सीखता हुआ मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले और उसे सत्ता से हटाने के लिए यह बेहद जरूरी है। सिंह की इस टिप्पणी के एक दिन बाद जब थरूर से इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा, संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए, इसमें कोई संदेह नहीं है। जब उनसे दिग्विजय सिंह के बगल में बैठने और दोनों के बीच इस विषय पर चर्चा होने के बारे में पूछा गया तो थरूर ने कहा, हम आपस में बात करते रहते हैं, हम मित्र हैं और एक-दूसरे से बातचीत करते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, आज कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस है।

## न्यूज ब्रीफ

### एक निजी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर पाकिस्तानी खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

**कराची:** पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर इस महीने की शुरुआत में एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकाल प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने शनिवार को आपातकालीन बैठक के बाद राजपूत पर प्रतिबंध लगाया। उन्हें महासंघ या अन्य संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेश यात्रा करने का दोषी पाया गया। पीकेएफ के सचिव राणा सरवर ने कहा कि राजपूत को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष अपील करने का अधिकार है।

### महिला हॉकी इंडिया लीग के पहले मैच में एसजी पाइपर्स ने रांची रॉयल्स को 2-0 से हराया

**रांची:** कप्तान नवनीत कौर और टेरेसा वियाना के एक-एक गोल की मदद से एसजी पाइपर्स ने रविवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पहले मैच में रांची रॉयल्स को 2-0 से हरा दिया। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में नवनीत कौर ने 27वें मिनट में गोल कर एसजी पाइपर्स को बढ़त दिलाई। इसके बाद वियाना ने 46वें मिनट में गोल किया।

### इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और प्रशासक मौरिस का 62 साल की उम्र में निधन

**कार्डिफ (वेल्स):** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ह्यू मौरिस का निधन हो गया है। वह 62 साल के थे। वेल्स काउंटी टीम ग्लेमोर्गन ने रविवार को एक बयान में कहा कि उनकी टीम के पूर्व कप्तान मौरिस का निधन पिछले कुछ साल में आंतों के कैंसर से जूझने के बाद हुआ।

# स्मृति-शेफाली की रिकॉर्ड साझेदारी से भारत की धमाकेदार जीत, श्रीलंका पर 4-0 की अजेय बढ़त



**तिरुवनंतपुरम:** स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के शानदार अर्धशतकों तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 30 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस प्रारूप में उसका सर्वोच्च स्कोर है। स्मृति (80 रन, 48 गेंद) और शेफाली (79 रन, 46 गेंद) ने पहले विकेट के लिए 162 रन जोड़कर भारतीय टीम को मजबूत आधार दिया। यह भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। ऋचा घोष ने 16 गेंद में नाबाद 40 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 16 रन बनाकर नाबाद रहीं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 23 गेंद में 53 रन जोड़कर भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। भारतीय पारी में कुल 28 चौके और आठ छक्के लगे, जो टीम की ओर से इस प्रारूप में सर्वाधिक बाउंड्री का नया रिकॉर्ड है। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम छह विकेट पर 191 रन ही बना सकी, जो उसका टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वोच्च स्कोर है। कप्तान चामरी अटापट्टू ने 52 रन की पारी खेली और हसिनी परेरा (33) व इमेशा दुलानी (29) के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं, लेकिन टीम लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी। भारत की ओर से वैष्णवी शर्मा और अरुंधति रेड्डी ने दो-दो विकेट लिए। इस मैच में स्मृति मंधाना ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और कुल चौथी बल्लेबाज बनीं। उन्होंने यह कारनामा सबसे कम 281 पारियों में कर नया रिकॉर्ड भी बनाया। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में अपना दबदबा कायम रखते हुए 4-0 की बढ़त बना ली, जबकि अंतिम मैच अब औपचारिकता भर रह गया है।

### महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बनीं स्मृति

**तिरुवनंतपुरम:** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली भारत की दूसरी और दुनिया की कुल चौथी बल्लेबाज बनीं। स्मृति ने यहां ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में निमाशा मीपागे की गेंद पर एक रन के साथ 27 रन बनाने के साथ ही महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए। स्मृति यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी भारतीय और कुल चौथी बल्लेबाज हैं। भारत की मिताली राज, इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स उनके पहले यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। स्मृति ने हालांकि सबसे कम पारियों में 10 हजार रन पूरा करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 281 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। मिताली इस सूची में 291 पारियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप: सूर्या करिश्मा ने महिला और ऋत्विक ने पुरुष खिताब जीते





**विजयवाड़ा:** सूर्या करिश्मा तामिरी ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल और ऋत्विक संजीवी ने पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। विजयवाड़ा की 19 वर्षीय सूर्या ने लगभग एक घंटे तक चले महिला एकल फाइनल में तन्वी पत्री को 17-21, 21-12, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष एकल फाइनल में ऋत्विक ने भरत को 21-16, 22-20 से शिकस्त दी। तन्वी ने पहले गेम के बीच में नियंत्रण बनाते हुए सूर्या को कई अनफोर्स्ड गलतियां कराईं। दूसरे गेम में 6-5 के स्कोर पर सूर्या का एक सर्विस रिटर्न नेट में गया जिसे सर्विस जज ने 'ऊंचाई की गलती' करार दिया जिससे सूर्या को राहत मिली। इसके बाद सूर्या ने लगातार सात अंक जीतकर दूसरा गेम अपने नाम किया। सूर्या ने निर्णायक गेम में तन्वी को लंबी रैलियों में उलझाया जिससे थकान साफ नजर आने लगी। तन्वी ने मुकाबले में बने रहने की कोशिश की, लेकिन अंत में सूर्या ने 15-14 के बाद लगातार छह अंक लेकर मैच जीत लिया। ऋत्विक ने पुरुष एकल फाइनल का पहला गेम आसानी से जीत लिया लेकिन इसके बाद दूसरे गेम में प्रतिद्वंद्वी के 9-5 की बढ़त बनाने से दबाव में आ गए। 2024 ओडिशा मास्टर्स के विजेता ऋत्विक ने लगातार छह अंक बनाकर बढ़त वापस हासिल की। हालांकि दो गलत फैसलों के कारण भरत ने वापसी की और गेम प्वाइंट भी हासिल किया। इसके बावजूद ऋत्विक ने संयम बनाए रखा और 39 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। अन्य मुकाबलों में शिखा गौतम और अश्विनी भट्ट के की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त प्रिया देवी कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को 21-14, 21-18 से हराकर महिला युगल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त हरिहरन अमसकरुनन और आर रुबन कुमार ने पुरुष युगल फाइनल में मिथिलेश पी कृष्णन और प्रेजन को 21-17, 21-12 से पराजित किया। मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा की जोड़ी ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आशिथ सूर्या और अमृता पी को 21-9, 21-15 से हराकर खिताब जीता।

# टाटा ओपन जीतकर 2025 में रिकॉर्ड सातवां खिताब अपने नाम किया युवराज संधू ने



**जमशेदपुर:** युवराज संधू ने रविवार को यहां टाटा ओपन 2025 गोल्फ टूर्नामेंट में एक स्ट्रोक की जीत के साथ पीजीटीआई में एक ही सत्र में सबसे ज्यादा सात खिताब जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। अठाईस साल के संधू (67-64-68-65) बीती रात संयुक्त बढ़त पर थे। उन्होंने आखिरी दौर में छह-अंडर 65 का कार्ड खेला जिसमें आखिरी होल पर जीत दिलाने वाली बर्डी शामिल थी। उन्होंने पीजीटीआई सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में कुल 20-अंडर 264 का स्कोर किया। चंडीगढ़ के रहने वाले संधू ने दो हफ्ते पहले सत्र की अपनी छठी जीत के बाद 2025 पीजीटीआई 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' का ताज पहले ही हासिल कर लिया था। संधू ने दिल्ली में उस खिताब के साथ 2022 से मनु गंडास के एक सत्र में छह खिताब के पिछले रिकॉर्ड की बराबरी की थी। उन्होंने पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर रहकर 2026 के लिए डीपी वर्ल्ड टूर का कार्ड हासिल कर लिया है। इक्कीस साल के शुभम जगलान (68-66-65-66) बीती रात संधू के साथ संयुक्त बढ़त बनाए थे। उन्होंने चौथे दौर में बोगी मुक्त पांच-अंडर 66 का स्कोर किया। इससे उन्होंने कुल 19-अंडर 265 का स्कोर बनाया और पीजीटीआई में अपने तीसरे ही टूर्नामेंट में दूसरी बार उप विजेता रहे।

# विश्व रैपिड शतरंज: हम्पी संयुक्त शीर्ष पर, गुकेश और एरिगैसी भी अच्छी स्थिति में

**दोहा :** मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने अपने धैर्य और दृढ़ता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त बनाए रखी, जबकि भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी भी ओपन वर्ग में मुकाबले में बने रहे। महिला वर्ग में अब जबकि तीन राउंड का खेल होना बाकी है तब हम्पी चीन की झू जिनर के साथ अधिकतम आठ अंकों में से 6.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। इन दोनों से पीछे छह अंकों के साथ 10 खिलाड़ी हैं, जिनमें भारत की द्रोणावल्ली हरिका भी शामिल हैं। ओपन वर्ग में 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें नौ राउंड के बाद क्लासिकल प्रारूप के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी 6.5 अंकों के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। यह भारतीय जोड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और हैंस नीमन (प्रत्येक 7.5 अंक) से एक अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी और एलेक्सी सरना के खिलाफ दो ड्रॉ के साथ शुरुआत करने के बाद गुकेश ने स्पेन के डेविड एंटोन को हराया लेकिन उन्हें अगले दौर में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। रूस के 27 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर्टेमिएव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व रैपिड चैंपियन मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी को हराकर सुर्खियां बटोरीं।संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे आर्टेमिएव और नीमन के बाद चार खिलाड़ी कार्लसन, एलेक्सी सरना, यागिज़ एर्दोगमस और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधे अंक पीछे हैं।

# नेट अभ्यास के दौरान मुश्किल नेट पिच पर अभिषेक ने दिखाया जलवा



**जयपुर:** पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा यहां रविवार की सुबह अपने नेट सत्र के लगभग 10 मिनट बाद रुके और टीम के अपने साथी खिलाड़ी गौरव चौधरी की ओर मुड़े और एक सवाल पूछा जिससे उनके इरादे और कल्पना का पता चलता है। उन्होंने पूछा, 'क्षेत्ररक्षण कैसा है।' अभिषेक ने यह सवाल काल्पनिक क्षेत्ररक्षकों के बारे में पूछा। ऑफ स्पिनर चौधरी ने तुरंत जवाब दिया, 'मिड ऑफ पर एक रन बचाने के लिए रखा है।'' इसके बाद जो हुआ वह अनुमानित लेकिन रोमांचक था। अभिषेक ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बल्ला घुमाया और गेंद को मैदान से बाहर भेज दिया। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने लगभग एक घंटे अभ्यास किया और इस दौरान डिफेंस को कोई तवज्जो नहीं दी। उन्होंने जयपुर शहर की सीमा से थोड़ी दूर खेत की जमीन पर बने खूबसूरत अनंतम क्रिकेट ग्राउंड पर कम से कम 45 छक्के लगाए। यह एक विशेष बल्लेबाजी सत्र जैसा लग रहा था जहां अभिषेक सिर्फ स्पिनरों का सामना करना चाहते थे। एक ऐसी पिच पर ऑफ स्पिनर, लेग स्पिन और बाएं हाथ की धीमी गेंदबाजी का सामना जहां गेंद बार-बार रुककर आ रही थी और अगर गेंदबाज सही जगह पर गेंद डालते तो काफी टर्न मिल रहा था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मैदानकर्मियों को हल्का रोलर चलाने के लिए कहा लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई क्योंकि नेट गेंदबाजों की गेंदें लगातार परेशान कर रही थीं। कुछ गेंद अप्रत्याशित रूप से ऊपर उठ रही थीं जबकि कुछ खतरनाक तरीके से नीचे रह रहीं थी। जब भी लेंथ थोड़ी छोटी होती तो अभिषेक को परेशानी होती

लेकिन जिस तरह से वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर रहे थे वह देखना बहुत शानदार था। गेंद को खेलने से चूकने और उछलते हुए देखने के बाद वह पिच पर आगे बढ़ते और अपने बल्ले से निशान पर टैप करते और फिर अपनी महारत दिखाते। छोटी लेंथ की गेंद पर वह पिच पर आगे बढ़कर ऑफ स्पिन और गुगली (जो बाएं हाथ के बल्लेबाज से दूर जाती थी) के खिलाफ एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट शॉट लगाते थे।



## न्यूज अपडेट

### ओला इलेक्ट्रिक ने '4680 भारत सेल' से चलने वाले एस1 प्रो प्लस स्कूटर की डिलीवरी बढ़ाई

**नयी दिल्ली:** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने '4680 भारत सेल' बैटरी से चलने वाले एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) इलेक्ट्रिक स्कूटर की आपूर्ति बढ़ा दी है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। ओला इलेक्ट्रिक ने एक बयान में बताया कि कंपनी ने कोयंबटूर, कोच्चि और हैदराबाद में आपूर्ति शुरू कर दी है, साथ ही बेंगलुरु में डिलीवरी जारी है। एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) कंपनी का ऐसा पहला स्कूटर है, जो देश में निर्मित '4680 भारत सेल बैटरी' पैक से चलता है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने बताया, ग्राहक अब हमारे अपने '4680 भारत सेल' से चलने वाले स्कूटर खरीद रहे हैं और इसकी आपूर्ति पूरे जोश के साथ की जा रही है। कई राज्यों में आपूर्ति बढ़ रही है और अब हम '4680 भारत सेल' से चलने वाले वाहनों को देश के हर हिस्से तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं।

### सरकार ने 44,700 करोड़ रुपये की लागत वाली जलपोत निर्माण परियोजनाओं के दिशानिर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली:** बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) ने 44,700 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ दो प्रमुख जलपोत निर्माण योजनाओं के लिए दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) और जहाज निर्माण विकास योजना (एसबीडीएस) नामक दो पहल का उद्देश्य देश की घरेलू जहाज विनिर्माण क्षमता को मजबूत करना और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करना है। एसबीएफएएस के तहत सरकार जहाज की श्रेणी के आधार पर प्रति जहाज 15-25 प्रतिशत की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इस योजना का कुल कोष 24,736 करोड़ रुपये है। एसबीडीएस 19,989 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ दीर्घकालिक क्षमता और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि ये दिशानिर्देश एक स्थिर और पारदर्शी ढांचा तैयार करते हैं जो घरेलू जहाज विनिर्माण को पुनर्जीवित करेगा।

### अमेरिकी शुल्क के बावजूद भारत का निर्यात स्थिर, 2026 में भी निरंतर वृद्धि की उम्मीद

**नयी दिल्ली:** वर्ष 2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर लगभग 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को विविध करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा और यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है। व्यापार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में, व्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है। इसी सिद्धांत के साथ भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है। भारत का निर्यात 2020 में लगभग 276.5 अरब डॉलर था, जो 2021 में बढ़कर 395.5 अरब डॉलर और 2022 में 453.3 अरब डॉलर हो गया था। 2023 में यह गिरकर 389.5 अरब डॉलर रहा, लेकिन फिर 2024 में यह 443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वर्ष 2025 (जनवरी-नवंबर) तक इसका आंकड़ा लगभग 407 अरब डॉलर हो चुका है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का माल और सेवा निर्यात ऐतिहासिक उच्च स्तर 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भी निर्यात 562 अरब डॉलर रहा, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रुझानों के आधार पर 2026 में भी भारत की निर्यात वृद्धि मजबूत रहने की संभावना है।

# उपग्रह सेवाएं सुरक्षा मंजूरी, स्पेक्ट्रम आवंटन के बाद शुरू होंगी: सिंधिया



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाएं देश में तब शुरू की जाएंगी, जब इस क्षेत्र की कंपनियां, जिनमें एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक भी शामिल है, सुरक्षा एजेंसियों की मांगों का पालन करेंगी। मंत्री ने पीटीआई-भाषा को दिए गए साक्षात्कार में कहा कि सरकार जल्द ही सैटकॉम कंपनियों - स्टारलिंक, यूटेलसैट वन और जियो एसजीएस - को स्पेक्ट्रम आवंटित करने की स्थिति में होगी। ऐसा दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा स्पेक्ट्रम की कीमत तय करने के बाद किया जाएगा। सिंधिया ने कहा, 'दो मुद्दे हैं, जिनका समाधान करना है। पहला है लाइसेंसधारकों - वनवेब, रिलायंस जियो, और स्टारलिंक - का सुरक्षा मंजूरी से संबंधित अंतरराष्ट्रीय गेटवे की आवश्यकताओं का पालन करना, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि डेटा भारत में ही रहे।' मंत्री ने कहा कि सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ अनुपालन क्षमता दिखाने के लिए सैटकॉम कंपनियों को अस्थायी रूप से स्पेक्ट्रम भी आवंटित कर दिया है। सिंधिया ने कहा, 'वे इस प्रक्रिया में हैं, इसलिए उन्हें अनुपालन करना होगा।' उन्होंने यह भी बताया कि सरकार स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसे दूरसंचार विभाग और दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) देख रहे हैं। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह जल्द ही सुलझ जाएगा।' ट्राई और डीओटी के बीच सैटकॉम सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम को लेकर कई बिंदुओं पर मतभेद हैं। वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) द्वारा मांगी गई राहत के बारे में मंत्री ने कहा कि डीओटी अभी भी इस पर काम कर रहा है। सिंधिया ने कहा, 'हम इस पर विचार कर रहे हैं। दूरसंचार विभाग में इस बारे में कार्य प्रगति पर है।' वीआईएल ने इस साल की शुरुआत में डीओटी को एक पत्र में कहा था कि उसकी सरकार के प्रति देनदारियां लगभग दो लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से 1.19 लाख करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम देनदारियां हैं।

# रॉल्स रॉयस भारत में बड़े विस्तार के लिए तैयार, जेट इंजन और नौसैनिक प्रणोदन कार्यक्रमों पर नजर



**नयी दिल्ली:** ब्रिटेन की एयरो-इंजन विनिर्माता कंपनी रॉल्स रॉयस ने रविवार को कहा कि वह भारत को ब्रिटेन के बाहर अपना तीसरा ''गृह बाजार'' बनाने पर विचार कर रही है। यह योजना जेट इंजन, नौसैनिक प्रणोदन, थल प्रणालियों और उन्नत इंजीनियरिंग सहित कई क्षेत्रों में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार की गई है। रॉल्स रॉयस इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष साशी मुकुंदन ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि कंपनी भारत में बड़े निवेश की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के एयरो इंजन को भारत में विकसित करना प्राथमिकता है, ताकि उन्नत मध्यम युद्धक विमान कार्यक्रम के तहत भारत में बनने वाले लड़ाकू विमानों को शक्ति दी जा सके। ब्रिटेन के अलावा रॉल्स रॉयस अमेरिका और जर्मनी को भी अपना ''गृह बाजार'' मानती है, क्योंकि इन दोनों देशों में कंपनी की मजबूत मौजूदगी है, जिसमें विनिर्माण सुविधाएं भी शामिल हैं। मुकुंदन ने यह भी बताया कि रॉल्स रॉयस भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिक प्रणोदन की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि एएमसीए के लिए जेट इंजन के विकास में रॉल्स रॉयस की भागीदारी से भारत को नौसैनिक प्रणोदन के लिए भी इंजन बनाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विशिष्ट विवरण साझा किए बिना कहा कि रॉल्स रॉयस भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के पास पैमाना, नीति की स्पष्टता और रक्षा तथा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की स्पष्ट दिशा है।

# भारतीय विमानन क्षेत्र को 2026 में सुरक्षित उड़ानों, एआई-171 हादसे की जांच रिपोर्ट का इंतजार



**नयी दिल्ली/मुंबई:** वर्ष 2025 में दुर्घटनाओं, उड़ान रद्द होने और परिचालन अव्यवस्थाओं से जूझने के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र वर्ष 2026 में स्थिरता, सुरक्षा और दीर्घकालिक सुधारों की उम्मीद कर रहा है। साल की सबसे बड़ी घटना में 12 जून 2025 को एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान अहमदाबाद हवाई अड्डा से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई। विमान में सवार 242 लोगों में केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा। वहीं, विमान के इमारत से टकराने पर दुर्घटनास्थल पर मौजूद 19 लोगों की भी जान चली गई। नए साल की शुरुआत के साथ विमानन क्षेत्र से जुड़े लोग और आम यात्री इस हादसे की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही केदारनाथ घाटी में हेलीकॉप्टर उड़ानों की सुरक्षा और हवाई टिकटों की कीमतों में उतार-चढ़ाव कम होने की भी उम्मीद है। साल 2025 में हवाई किराए पर नियंत्रण रखना आम चर्चा में रहा। बावजूद इसके, इंडिगो और अन्य एयरलाइन को नेटवर्क रुकावटों और एयरस्पेस बंद होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सकारात्मक पहलू यह रहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 25 दिसंबर से संचालन में आया और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की जनवरी 2026 से उड़ानों के लिए खुलने की उम्मीद। आने वाले समय में कुछ नई एयरलाइन के संचालन की भी संभावना है। इंडिगो को बड़े स्तर पर परिचालन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नए नियम उड़ान ड्यूटी समय-सीमा (एफडीटीएल) को लागू करने में योजना की कमी के कारण हजारों उड़ानें रद्द हुईं, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में 10 प्रतिशत की कटौती की और कंपनी के सीईओ और सीओओ को नोटिस जारी किए।

# वित्त मंत्रालय ने बैंकों, वित्तीय संस्थानों से सतर्कता मामलों की शीघ्र जानकारी देने को कहा

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे अपनी कंपनियों के पूर्णकालिक निदेशकों से जुड़े सतर्कता संबंधी मामलों की जानकारी तुरंत दें। वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने यह निर्देश ऐसे कई मामलों के बाद जारी किया है, जिनमें बोर्ड स्तर पर नियुक्त किए गए अधिकारियों के बारे में नकारात्मक या समस्याग्रस्त जानकारी समय पर साझा नहीं की गई। कई मामलों में, ऐसी महत्वपूर्ण नकारात्मक जानकारी जैसे निजी शिकायतें, अदालत के नोटिस या टिप्पणियां, संदर्भ या सीबीआई और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जानकारी केवल उस समय साझा की जा रही है जब सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) से विशेष रूप से सतर्कता मंजूरी मांगी जाती है। इस माह जारी की गई सलाह में बिना किसी विशेष मामले का जिक्र किए कहा गया कि कुछ मामलों में पूरे समय कार्यरत निदेशकों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी को सतर्कता मंजूरी के फॉर्म में नहीं भरा जाता, इस वजह से कि ऐसे खुलासे के लिए कोई अलग कॉलम मौजूद नहीं है। सलाह में कहा गया कि किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छोड़ना, खासकर नियुक्ति, पदोन्नति, बोर्ड स्तर की नियुक्ती और पूरे समय कार्यरत निदेशकों की तैनाती से जुड़ी जानकारी, गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से ऐसी मामलों में सख्त पालन की उम्मीद की जाती है। वित्तीय सेवा विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे बोर्ड स्तर के अधिकारियों के बारे में किसी भी नकारात्मक जानकारी को तुरंत सूचित करें, भले ही वह जानकारी किसी अन्य भूमिका से संबंधित हो। इसके अलावा, विभाग ने उन्हें यह सलाह भी दी कि सतर्कता मंजूरी देने के समय उन्हें पूरी और विस्तृत जानकारी देनी चाहिए। इस जानकारी में अदालत या न्यायाधिकरण के आदेश, आंतरिक समितियों की जांच रिपोर्ट, गंभीर प्रकार की लेखा जांच टिप्पणियां और किसी भी विभाग या एजेंसी से प्राप्त पत्राचार शामिल होना चाहिए।

शीतकालीन मिष्ठान्न
घेवर, सूतफेनी, गाजर हलवा, माठी, पिन्नी, गुलाब जामुन (गरम), ड्राईफ्रुट लड्डु, गजक, गुड़ संदेश-गुड़ रसगुल्ला, गुड़ कलाकन्द, रेवड़ी, काजू-पिस्ता रोल, काजू अंजीर बर्फी एवं मिष्ठान्न
तिवारि ब्रदर्स मिठाई शॉप
78/12, ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658
तिवारी ब्रदर्स, बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913
तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199
तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/ 5613, 8276829752
काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211

वर्ष 10, पूर्णांक 3457 अंक 267, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in